तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 6 अक्टूबर, 2025



14 राष्ट्रीय सेवक संघ ने 100 वर्षों से भारत माता का वैभव निरंतर बढ़ाया : सिन्हा




हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यु ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

### जिले में एक दिन में तीन अलग-अलग हादसे

# शराब के नशे में युवक बहा, एसडीआरएफ की टीम तलाश में जुटी, एक की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले के डुंडेरा क्षेत्र में एक युवक के तांदुला नहर में बहने की सूचना मिली है। पुलिस व एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुटे हैं। खबर लिखे जाने तक उसका कहीं पता नहीं चला है।

उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि डुंडेरा क्षेत्र के रहने वाले दो दोस्त विनय पटेल (28 साल) और योगेंद्र सपहा तांदुला जलाशय से निकली नहर की तरफ घूमने गए थे। दोनों ने पहले डुंडेरा शराब भट्ठी से शराब खरीदी। फिर नगर की तरफ जाकर दोपहर 3 बजे के करीब शराब पार्टी की। 3.45 बजे के करीब शराब के नशे में विनय ने योगेंद्र से कहा कि वो सुबह से नहाया नहीं है। इसके बाद वो पुलिस से नहर में छलांग लगा दिया। योगेंद्र भी नशे में था और वो विनय पर ध्यान नहीं दे पाया। नहाते नहाते विनय पानी के तेज बहाव में आ गया और डूब गया। काफी देर बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो उसने शोर मचाया। गांव के लोग आए और 112 में फोन करके पुलिस को सूचना दी। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है। नहर में उतर कर युवक की तलाश की जा रही है, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कहीं कोई पता नहीं चला है।



#### शिवनाथ नदी में युवक बहा

दूसरी तरफ दुर्ग शिवनाथ नदी के तेज बहाव में मॉडल टाउन भिलाई निवासी प्रधान नाम का 26 वर्षीय युवक के बहने की सूचना मिली है। एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि 6-7 दोस्त शिवनाथ नदी नहाने के लिए रविवार शाम 5 बजे गए थे। प्रधान तैरना जानता था इसी कारण वो नदी के तेज बहाव में चला गया और पानी का बहाव अधिक होने से बह गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है। रेस्क्यू जारी है।

#### तांदुला नहर में युवक की मिली लाश



**भिलाई।** नंदिनी थाना अंतर्गत रविवार दोपहर पटकनी पुलिया के पास तांदुला नहर में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। इस मामले में पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। नंदिनी थाना प्रभारी पारस ठाकुर ने बताया कि मान सिंह कुर्रे पिता इतवारी कुर्रे (48 वर्ष) निवासी सतनामी पारा अहिवारा शनिवार से घर से लापता चल रहा था। मृतक का घर नहर किनारे है। ऐसे में पुलिस उसके नहर में गिरने से डूबने की भी आशंका जता रहा है। थान प्रभारी श्री ठाकुर ने बताया कि पीएम रिपोर्ट के बाद मामले का असल खुलासा हो पाएगा। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक मान सिंह के दो बेटी और एक बेटा है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। मान सिंग सट्टा पट्टी लिखने का काम करता था। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

# बिरनपुर मामले में कांग्रेस ने भाजपा को घेरा, विधायक देवेंद्र ने लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बिरनपुर में हुए सांप्रदायिक दंगे के मामले में सीबीआई ने विशेष अदालत में अपनी चार्ज शीट दाखिल कर दी है। इस रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद कांग्रेस ने भाजपा को आड़े हाथों लिया है। इसी मामले को लेकर भिलाई नगर विधानसभा से कांग्रेस विधायक और बिहार चुनाव प्रभारी देवेंद्र यादव ने मीडिया के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि बच्चों के मामूली झगड़े ने इतना बड़ा खूनी रूप ले लिया इसके लिए भाजपा जिम्मेदार है। भाजपा ने इसे सांप्रदायिक रूप दे दिया। सीबीआई की चार्ज शीट से ये साफ हो गया कि उस समय भाजपा ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार और कांग्रेस पार्टी पर जो आरोप लगाया था यह सभी आरोप झूठे थे। यह आरोप भाजपा ने चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से लगाए थे, जो कि राजनैतिक षड़यंत्र का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि सीबीआई केन्द्र सरकार की एजेंट है, लेकिन उसके बावजूद भी सीबीआई को सच सामने लाना पड़ा है। इससे साबित होता है कि सच सामने आने में वक्त लगता है, लेकिन सच बदल नहीं सकता।

विधायक देवेंद्र ने कहा कि सीबीआई की चार्जशीट ने भाजपा का झूठा चेहरा सामने रख दिया। भाजपा ने उस समय घटना को सांप्रदायिक और जातीय रंग देकर राजनैतिक लाभ लेने का षडयंत्र रचा था। इस मामले को लेकर भाजपा ने एक समाज को कांग्रेस के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में भी पूरे प्रदेश में इस झगड़े को साप्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर गृह मंत्री अमित शाह सभी ने अपनी चुनावी सभा में इस दुर्भाग्यजनक घटना को धार्मिक और जातीय झगड़े से जोड़ के प्रस्तुत किया। भाजपा ने मृतक भुनेश्वर के पिता ईश्वर साहू, को टिकिट दे कर सहानुभूति बटोरने की साजिश किया। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने भी माना है कि कांग्रेस की सरकार ने कार्रवाई कर जिन लोगों को गिरफ्तार किया वो कार्रवाई सही है।



#### उप मुख्यमंत्री को पद से दे देना चाहिए इस्तीफा

विधायक यादव ने कहा कि भाजपा के इस षडयंत्र का कांग्रेस को राजनैतिक रूप से नुकसान हुआ है। इस मामले में उप मुख्यमंत्री अरुण साव को अपने पद से त्याग पत्र देकर छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मांगनी चाहिए। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी अपने गैर जिम्मेदाराना भाषण के लिये छत्तीसगढ़ की जनता से माफी मागें।

## मेटाडोर ने बुजुर्ग को लिया चपेट में, मौके पर मौत

**भिलाई।** नेवई थाना अंतर्गत शांतिकुंज रिसाली के पास टहलते समय एक मेटोडार ने कामेश्वर पिता मौजी सिंह (84 वर्ष) को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाज कामेश्वर को उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मामले में मेटाडोर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मेटाडोर सीजी 04 एमसी 6828 के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। आरोप है कि वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अपने ड्राईवर साईड पर दोनों आगे पीछे चक्के के बीच में दबाकर एक्सीडेंट किया गया। पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक को सुबह करीब 11 बजे मृतक सुबह घर के बाहर नाश्ता करके पैदल रोड किनारे टहल रहे थे। तभी वहां पर ईंट खाली करने आये एक मेटाडोर चारपहिया वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। एक्सीडेन्ट से मृतक के सिर, बायें पैर, बायें हाथ,बायें कान, पेट एवं छाती पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। खबर है कि घटना के बाद आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। पुलिस उसकी पतासाजी कर रही है।

# ऑनलाइन ठगी के लिए म्यूल एकांउट खुलवाया, 3.85 लाख ट्रांसफर करवाए, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ऑनलाइन सट्टा और ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़े मामले में लगातार म्यूल खातों का उपयोग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। लगातार इसे लेकर शिकायतें सामने आ रही है। पुलिस अपराध भी दर्ज कर रही है, लेकिन म्यूल खातों का उपयोग थम नहीं रहा है। ऐसा ही एक मामला रविवार को पुनः सामने आया। मामले में दुर्ग पुलिस ने सर्वेंट क्वाटर भिलाई निवासी मुकेश पिता अभ्रत नायक उम्र 36 साल को गिरफ्तार किया है। समन्वय पोर्टल के माध्यम से उत्कर्ष स्माल फायनेंस बैंक शाखा सुपेला के एक बैक खाता में साइबर फ्रॉड से प्राप्त रकम के जमा होने की जानकारी प्राप्त होने पर उक्त खाता के संबंध में अपराध कायम किया जाकर जानकारी प्राप्त की गई। जांच के बाद पता चला कि उक्त म्यूल खाता के धारक धारक मुकेश नायक ने जानबूझकर छलपूर्वक बेईमानी से खाते में ऑनलाइन ठगी की रकम 43400 रुपए प्राप्त की। करीब 3.85 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन किया। उसके विरुद्ध धारा 317(2), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा दिया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक विजय कुमार यादव, एसआई दीपक चौहान, एएसआई अमर दास गंगेले, एएसआई पूरन दास पनिका, मनीष ठाकुर की अहम भूमिका रही।

▪ आरोपी ने स्वयं के बैंक खाते का साइबर ठगी के लिए किया उपयोग




# ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने की आत्महत्या, सास-ससुर को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत शीतलाा कॉलोनी कोहका निवासी तरन्नुम पति शाहरूख खोखर उम्र 26 साल की मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने मौत के बाद मर्ग कायम कर मामले में जांच की। जांच में पता चला कि तरन्नुम का वर्ष 2016 मेंसामाजिक रीति रिवाज से विवाह हुआ था। विवाह के बाद मृतका को उसके ससुर शकील खोखर, सास शहनाज खोखर, जेठ हैदर खोखर, जेठानी बुसरा खोखर द्वारा घर की छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ा किया जाता था, प्रताड़ित किया जाता था। 3 वर्ष पूर्व मृतका के ससुराल वालों ने पति शाहरूख खोखर के लिए मोबाइल दुकान खोलने के नाम पर 30-35 लाख रुपए लोन दिया था। इसकी किस्त मृतका के पति एवं परिवार वालों द्वारा समय पर अदा नहीं किया जाता था। किस्त भरने की बात को लेकर भी ससुराल पक्ष द्वारा ताना मारकर मृतका को प्रताड़ति किया जाता था। मृतका को उसके पति, सास, ससुर एवं जेठ, जेठानी द्वारा पारिवारिक, लोन की रकम जमा करने एवं अन्य पारिवारिक बातों को लेकर झगड़ा विवाद किया जा रहा था। मृतका को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था। तंग आकर 22 सितंबर की रात 8.45 बजे स्वयं से अपने घर के कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतिका के पति शाहरूख खोखर, ससुर शकील खोखर, सास शहनाज खोखर, जेठ हैदर खोखर, जेठानी बुसरा खोखर के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया। इस मामले में सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

## मजिस्ट्रेट की गाड़ी को ठोका

**भिलाई।** भिलाई नगर थाना अंतर्गत जयंती स्टेडियम के करीब इस्पात नगर निवासी हर्ष चौधरी (28 वर्ष) ने इसकी शिकायत की है कि वे अररिया बिहार में जूनियर मजिस्ट्रेट हैं। सीजी 07 एयू 8753 के घटना स्थल में वाहन चलाने की प्रैक्टिस कर रहे थे। एक अन्य वाहन सीजी 10 एस 5068 ने उनके वाहन को ठोकर मार दी।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

......................................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ......................
2. पिता/पति का नाम ......................
3. जन्मतिथि अंकों में ......................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ......................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ......................
   मोबाइल नंबर ......................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ......................
7. शैक्षणिक योग्यता ......................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

### देशभर के वैज्ञानिक जुटेंगे

# कामधेनु यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय सम्मेलन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कामधेनु यूनिवर्सिटी में 6 और 7 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित है, जिसमें देशभर के वैज्ञानिक जुटेंगे। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह की अध्यक्षता में इंडियन वेटनरी एसोसिएशन तथा इंडियन मेडिकल एसोसियेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्ट्रेन्दनिंग वन हेल्थ सिनर्जी कॉम्बेटिंग एण्टीमाइक्रोबियल रेज़स्टिंस थ्रु क्रॉस सेक्टोरियल इनोवेशन एण्ड इंटीग्रेशन विषय पर यह नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित होने जा रही है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम इसका उद्घाटन करेंगे। मंत्री गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पशुपालन आयुक्त भारत सरकार डॉ. प्रवीण मलिक, लेफ्टीनेंट जनरल अशोक जिंदल, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी यूनिवर्सिटी के वीसी रविरत्न सक्सेना सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजन सचिव डॉ. निधि रावत, डॉ. दिलीप चौधरी ने बताया कि यह सम्मेलन पशु एवं मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और वन्यजीवों के बीच संतुलन पर मंथन को लेकर आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वन हेल्थ फ्रेमवर्क के अंतर्गत एंटीमाइक्रोबियल रेज़स्टिंस (एएमआर) की बढ़ती चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटना है। इस सम्मेलन में 08 तकनीकी सत्र तथा पोस्टर प्रजेन्टेंशन होगा एवं इस राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 200 प्रतिभागियों की सहभागिता रहेगी।



# नौकरी लगाने के नाम पर युवतियों से ठगी, तीन आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत बोरसी स्थित कदम प्लाजा में गुडवे इंडियन फैशन प्राइवेट लिमिटेड नामक का फर्जी तरीके से संचालन के मामले में पुलिस ने तीनों लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। ग्राम डोमा थाना भखारा धमतरी निवासी पूजा कोसरे ने मामले में लिखित शिकायत की थी। पुलिस ने बताया कि पूजा के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से प्राइवेट नौकरी की तलाश कर रही थी। माह अप्रैल में पूजा की सहेली के माध्यम से पता चला कि दुर्ग के बोरसी में कदम प्लाजा में गुडवे इंडियन फैशन प्राइवेट लिमिटेड नाम से संस्था संचालित है। उसमें जॉब ले रहे हैं। अपनी सहेली के माध्यम से 9 अप्रैल को सम्पर्क किया। गुडवे इंडियन फैशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ब्रांच मैनेजर सत्यम पटेल, साहिल कश्यप, रामभरोष साहू से संपर्क करने पर मैनेजर द्वारा पूजा और उसकी सहेलियों से ट्रेनिंग एवं रजिस्ट्रेशन के लिये 03-03 हजार लिए। कंपनी के नाम पर ड्रेस, कंपनी के नामिनी, आईडी एवं ईन्शुरेन्स के लिये सभी से 46-46 हजार रुपए जमा कराए। मैनेजर एवं अन्य ने रकम जमा कराने, कंपनी में नौकरी लगाने का झांसा देकर हम प्रार्थिया के साथ धोखाधड़ी करने वाले ब्रांच मैनेजर एवं अन्य के विरुद्ध कानुनी करते हुए अपराध दर्ज किया।



# मनरेगा श्रमिकों को दी अधिनियम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन ने महात्मा गांधी जयंती और राष्ट्रीय स्वच्छता ज्ञान दिवस के अवसर पर ग्राम निकुम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य व किसान नेता ढालेश साहू ग्राम निकुम में

■ छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन का आयोजन

उपस्थित मनरेगा श्रमिकों से रूबरू हुए और उन्हें मनरेगा अधिनियम 2005 तथा बेरोजगारी भत्ता अधिनियम 2013 की जानकारी दी।

ढालेश साहू ने कहा कि मनरेगा मजदूरों को रोजगार का कानूनी अधिकार प्राप्त है। केंद्र सरकार के तहत प्रत्येक पात्र श्रमिक को कम से कम 100 दिन और राज्य सरकार के तहत अतिरिक्त 50 दिन का रोजगार सुनिश्चित करना अनिवार्य है। लेकिन वर्तमान में लगभग 99% मनरेगा जॉब कार्डधारी श्रमिकों को यह रोजगार प्राप्त नहीं हो रहा है। यह स्थिति सरकारी नीतियों और नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को बताया कि धारा 3(1) के अनुसार हर ग्रामीण परिवार का इच्छुक सदस्य कम से कम 100 दिन का अकुशल रोजगार प्राप्त करने का हक़ रखता है, और यदि कोई मजदूर रोजगार से वंचित रह जाता है, तो बेरोजगारी भत्ता अधिनियम 2013 के तहत उसे भत्ता भुगतान किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश मनरेगा मजदूर कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कौशिक, महासचिव रीना देशमुख, सदस्य राजकुमार, मोहन लाल, ढालसिह, लेखा बेलचंदन, मीना ढीमर, रितु वर्मा, संगीता खुटेल, सुमन खुटेल, सुरेखा, कविता, सोनबाई, हेमलता नेताम, मालती देशमुख, सविता ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। संगठन पदाधिकारियों ने मजदूरों से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और किसी भी अनियमितता की सूचना संगठन के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचाएं।



# हितग्राहियों व पालकों को बच्चों के पोषण स्तर को जानने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंजोरा

पोषण माह में स्वस्थ जीवन शैली एवं स्वस्थ खानपान पर जागरूकता कार्यक्रम सेक्टर अंजोरा परियोजना दुर्ग ग्रामीण के ग्राम पंचायत अंजोरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 6 में परियोजना अधिकारी दुर्ग ग्रामीण ऊषा झा के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें परियोजना अधिकारी ऊषा झा ने समस्त उपस्थित हितग्राहियों एवं पालकों को नियमित आंगनबाड़ी आने एवं हर माह बच्चो का वजन, ऊंचाई लेकर बच्चो के पोषण स्तर को जानने हेतु प्रेरित किया। अंजोरा परिक्षेत्र की पर्यवेक्षक गीताजंली भैंसारे, जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू और जनपद सदस्य संगीता साहू ने खानपान की आदतों में सुधार के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू ने 20 बच्चो को पानी बॉटल का वितरण किया। कार्यक्रम में सरपंच संतोष सारथी, उपसरपंच माखन साहू, वार्ड पंच खिलेश्वर, आंगनबाड़ी अंजोरा 6 की कार्यकर्ता राधा सारथी, सहायिका मंजुला लहरें और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।






शरद पूर्णिमा हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र और वैज्ञानिक दृष्टि से भी विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। यह वर्ष की वह रात होती है जब चाँद अपनी सोलह कलाओं के साथ पूर्ण रूप से खिलता है और अपनी शीतल, अमृतमयी चाँदनी से पृथ्वी को नहलाता है। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों में विशेष औषधीय गुण होते हैं, जो शरीर और मन दोनों को शांति प्रदान करते हैं।



## पौराणिक महत्वः

शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। पुराणों में वर्णन मिलता है कि इसी रात भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन की गोपियों के साथ महानंद रासलीला की थी। इस रास में प्रत्येक गोपी को यह अनुभूति हुई कि श्रीकृष्ण उनके साथ ही नृत्य कर रहे हैं – यह इस बात का प्रतीक है कि भगवान प्रत्येक भक्त के हृदय में निवास करते हैं।

इस रात्रि को भक्ति, प्रेम और समर्पण की पराकाष्ठा का प्रतीक माना गया है। भगवान श्रीकृष्ण का यह रास केवल नृत्य नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का अद्भुत दर्शन है।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोणः

शरद पूर्णिमा का महत्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि वैज्ञानिक भी है। इस समय वातावरण शरद ऋतु की शुरुआत में संतुलित होता है – न अधिक ठंड और न अधिक गर्मी। कहा जाता है कि इस दिन की चाँदनी में यूवी किरणों का प्रभाव न्यूनतम होता है और चंद्रमा की किरणों में विशेष औषधीय तत्व पाए जाते हैं।

इसीलिए लोग इस रात में दूध और चावल की खीर बनाकर खुले आकाश के नीचे रखते हैं, ताकि उसमें चाँदनी की शीतलता और औषधीय प्रभाव समा जाए। बाद में इस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है, जो स्वास्थ्यवर्धक और ऊर्जा देने वाली मानी जाती है।

## आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्वः

शरद पूर्णिमा आत्मशुद्धि, ध्यान और संयम का पर्व भी है। इस दिन बहुत से लोग उपवास रखते हैं, ध्यान करते हैं और रातभर जागरण कर भगवान लक्ष्मी या श्रीकृष्ण की आराधना करते हैं।

एक और मान्यता है कि इसी दिन माँ लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और उन घरों में प्रवेश करती हैं जहाँ लोग जागकर भक्ति भाव से उनकी पूजा करते हैं। इसी कारण इस दिन को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है – जिसका अर्थ है "कौन जाग रहा है?" अर्थात जो इस रात भक्ति में जागता है, उस पर माँ लक्ष्मी की कृपा होती है।

## लोक परंपराएँः

भारत के विभिन्न हिस्सों में शरद पूर्णिमा को अलग-अलग तरीकों से मनाया जाता है –

उत्तर भारत में लोग दूध-खीर बनाकर चाँदनी में रखते हैं और परिवार के साथ उसका प्रसाद लेते हैं।

पश्चिम बंगाल और ओडिशा में इसे कोजागरी लक्ष्मी पूजा के रूप में मनाया जाता है।

ब्रज क्षेत्र में श्रीकृष्ण और राधा की रासलीला का आयोजन किया जाता है।

गुजरात में इस दिन गरबा और डांडिया का उत्सव रासलीला की स्मृति में आयोजित किया जाता है।

## स्वास्थ्य और योग से संबंधः

आयुर्वेद के अनुसार, शरद पूर्णिमा की चाँदनी शरीर की पित्त दोष को शांत करती है और मन को स्थिर बनाती है। इसलिए योग, ध्यान और प्राणायाम करने से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है।
रात में खुले आकाश के नीचे चाँद की रोशनी में कुछ देर बैठना या टहलना नेत्रों के लिए लाभकारी माना गया है, क्योंकि यह आँखों की थकान और तनाव को दूर करता है।

शरद पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति और आध्यात्मिकता का संगम है। यह रात हमें सिखाती है कि जैसे पूर्णिमा का चाँद अपने पूर्ण तेज से अंधकार को मिटा देता है, वैसे ही जीवन में शांति, भक्ति और संतुलन से हर अंधकार दूर किया जा सकता है। चाँदनी की यह अमृतमयी रात हमें यह भी याद दिलाती है कि ईश्वर की कृपा उसी पर बरसती है जो जाग्रत, संयमी और भक्तिभाव से भरा होता है।















## खबर संक्षेप



### सभापति और सांसद प्रतिनिधि ने देखी बीज पैकेजिंग की प्रक्रिया

दुर्ग। जिले में स्थित बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा का कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत दुर्ग के सभापति नीलम चंद्राकर एवं सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने रबी में भंडारित होने वाले चना बीज की पैकिंग प्रक्रिया, विभिन्न गोदामों में भंडारित गेहूं, चना, तिवड़ा, सरसो, अलसी, कुसुम आदि के संशाधित, पैक्ड बीज की भौतिक स्थिति, खरीफ 2025 में पंजीकृत कृषकों एवं रकबा की विस्तृत जानकारी, रबी 2025 में जिले में भंडारित होने वाले बीजों का लक्ष्य, उपलब्धता, कमी, अधिकता विषयों पर विस्तृत चर्चा की। जिले के उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा रबी में प्रस्तावित बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं विभिन्न बीजों के भंडारण कार्यक्रम प्रस्तावित विभागीय योजनाओं के अंतर्गत फसल प्रदर्शन से अवगत कराया गया।

### डॉ. अमिताभ शर्मा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



भिलाई। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर के रसायन विभाग के शोधार्थी डॉ. अमिताभ शर्मा को उनके शोध कार्य बॉटम अप अप्रोच टू सस्टेनेबल एंड लो कॉस्ट टेक्नीक फॉर डोमेस्टिक वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट बाय लिक्विड रिसोर्स मॉडल पर डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. शर्मा के इस शोध कार्य में घरेलू उपयोग के बाद निकलने वाले पानी को एक संसाधन के रूप में देखने की बात कही गई है, न कि इसे व्यर्थ समझने की। इस शोध में डॉ. शर्मा ने कम लागत वाली प्राकृतिक तकनीकों को अपनाकर घरेलू उपयोग के पानी को उपचारित करने और पुनः उपयोग करने पर जोर दिया है। इस शोध में थ्री आर सिद्धांत (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल) से आगे बढ़कर 5 आर सिद्धांत (रिफ्यूज, रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल, रिचार्ज) को अपनाने पर जोर दिया गया है। इस शोध में कम लागत वाली प्राकृतिक तकनीकों का उपयोग करके घरेलू उपयोग के पानी को उपचारित करने पर जोर दिया गया है।

# धान का कटोरा कहे जाने वाले के किसानों को मिला जीएसटी सुधार का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर जीएसटी बचत उत्सव के बीच औचक निरीक्षण पर पुलगांव स्थित हार्वेस्टर ट्रैक्टर शोरूम पहुंचे। सांसद व विधायक ने यहां किसानों से आत्मीय संवाद कर जीएसटी कटौती पर उनकी प्रतिक्रिया और खरीदी में हुई बचत की जानकारी ली। विधायक ललित चंद्राकर व सांसद विजय बघेल ने शोरूम में ट्रैक्टर और हार्वेस्टर खरीदने आए किसानों को चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं। सांसद व विधायक ने नगपुरा निवासी गिरेश साहू व कमलकांत साहू को उनके नए हार्वेस्टर की चाबी सौंपी। इस अवसर पर गिरेश साहू ने कहा कि मैने सपने में भी नहीं सोच था कि मैं नया हार्वेस्टर खरीदूंगा। मैं सेकंड हैंड हार्वेस्टर खरीदने के बारे में सोच रहा था। जीएसटी उत्सव में नए हार्वेस्टर खरीद पर मुझे पूरे 2 लाख रुपए की बचत हुई है। किसानों की चिंता का समाधान हमारे संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ही कर सकते हैं। क्षेत्र के सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने स्वयं मुझे मेरे नए हार्वेस्टर की चाबी सौंपी और मुझसे बेहद आत्मीयता से संवाद किया। मैंने उन्हें बताया कि मेरे पास दो एकड़ खेत है और अब हार्वेस्टर आने से मैं गांव में साझेदारी से और अधिक खेती कर पाऊंगा। गिरेश साहू ने जीएसटी में कटौती के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बाबूलाल जैन, योगेश जैन, अल्पेश जैन, नितेश जैन, कांतिलाल बोथरा, कांतिलाल जैन सहित अन्य उपस्थित थे।

## पुलगांव में ट्रैक्टर शो रूम पहुंचे सांसद विजय बघेल और विधायक ललित चंद्राकर

### किसान की हुई 2 लाख की बचत, त्योहर अच्छे से मनेगा

सांसद व विधायक से संवाद करते गिरेश साहू ने बताया कि जीएसटी में कटौती के बाद नए हार्वेस्टर की खरीदी पर पूरे 2 लाख रुपए की बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इस बचत से उनका परिवार त्योहार को और अच्छे से मना सकेगा। ट्रैक्टर हार्वेस्टर शो रूम के प्रोप्राइटर बाबूलाल जैन ने सांसद व विधायक से संवाद में बताया कि जीएसटी में कटौती के कारण बिक्री में इज़ाफ़ा हो रहा है। ग्राहकों का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पहले जो ट्रैक्टर 10.25 लाख रुपए का आता था, वह अब 9.75 लाख रुपए में उपलब्ध है। जिससे किसानों को 50 हजार रुपए की बचत हो रही है। इसी तरह 7.62 लाख का ट्रैक्टर अब 7.21 लाख और 6.51 लाख का ट्रैक्टर अब 6.11 लाख रुपए में मिल रहा है। कीमतों में कटौती और फेस्टिवल डिस्काउंट से किसानों की बड़ी बचत हो रही है। जीएसटी दर घटने के बाद हार्वेस्टर भी सस्ते हो गए हैं।



### जीएसटी में यह सुधार आर्थिक गतिविधियों में गति देने वाला

विजय बघेल ने कहा कि इस जीएसटी बचत उत्सव से उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ कम हुआ है। त्यौहारी सीजन में परिवारों की खुशियां बढ़ी हैं। यह सुधार न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति दे रहा है, बल्कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में उत्साह और समृद्धि का नया वातावरण भी बना रहा है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू जीएसटी 2.0 ने आम जनता, किसानों और उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत दी है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि यंत्रों की कीमतों में आई कमी से किसानों को सीधा लाभ हो रहा है, जिससे उनकी खेती-किसानी और जीवनयापन और सुगम होगा।

## विवेकानंद भवन के सामने पुलिस परिवारों ने किया हंगामा, प्रदेशभर से पहुंचे थे

# पुलिस के पारिवारिक सम्मेलन में अड़ंगा भवन बुक कराया लेकिन नहीं खोला ताला

## नगर निगम दुर्ग ने एनओसी ना होने की वजह से कार्यक्रम की नहीं दी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

पुलिस परिवार का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन रविवार को प्रशासनिक अड़ंगे के कारण नहीं हो पाया। सम्मेलन पद्मनाभपुर स्थित विवेकानंद सभागार में आयोजित था। आयोजन को लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बस में परिवार भरकर सुबह करीब 10 बजे पहुंचे, जब यहां पहुंचे, तो प्रस्तावित जगह का ताला ही नहीं खोला गया। दुर्ग निगम ने एनओसी नहीं लेने की बात कहकर अनुमति दिए जाने से ही इंकार कर दिया।

जबकि आयोजकों ने 11 सितंबर को निगम का शुल्क जमा कराया था। ताला नहीं खोलने के बाद मौके पर जमकर हंगामा मचा। पुलिस परिवार ने आरोप लगाया कि जानबूझकर कार्यक्रम को होने नहीं दिया जा रहा है। जबकि गृहमंत्री, डीजीपी, आईजी, पुलिस अधीक्षक, मंत्री से लेकर विधायकों को आयोजन में आमंत्रित किया गया था। उनका प्रोटोकॉल भी जारी हुआ, लेकिन बाद में कोई नहीं पहुंचा। हंगामा के बाद दुर्ग सीएसपी मौके पर पहुंचे, उन्होंने उच्च अधिकारियों से बात की। दोपहर करीब डेढ़ बजे गेट खोला गया, लेकिन बड़ी संख्या में परिवार लौट चुके थे, इस वजह से कार्यक्रम नहीं हो सका।

इस पूरे मामले को लेकर आयोजनकर्ताओं में उज्जवल दीवान ने आरोप लगाया कि पारिवारिक सम्मेलन में अड़ंगा लगाया गया। कार्यक्रम को होने नहीं दिया गया। पूरे समय पुलिस परिवार के लोग परेशान होते रहे। पुलिस परिवार का कार्यक्रम खराब किया गया।



### महासम्मेलन में लाखों का खर्च, आमंत्रण पत्र भी बांटे जा चुके थे

पुलिस परिवार की महिलाओं ने इस पूरे मामले में प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आयोजन को लेकर लाखों रुपये खर्च किए गए। आमंत्रण पत्रक बांटे गए। इसके बाद इस कार्यक्रम को रोकने के लिए दुर्ग जिला प्रशासन द्वारा बड़ा षडयंत्र रचा जा गया इस पूरे घटनाक्रम में दुर्ग निगम की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है। एडवांस बुकिंग के बाद भी आयोजन नहीं होने दिया गया। आयोजन के दो दिन पहले नगर निगम दुर्ग ने पुलिस और एसडीएम से अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगा। पहले इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई थी। दूसरी तरफ एसपी के दिशानिर्देश में पद्मनाभपुर थाना प्रभारी ने प्रतिवेदन दिया है कि इसाई समाज का प्रार्थना सभा होता है। उसकी व्यवस्था करनी है। इसलिए पुलिस परिवार को कार्यक्रम ना करने दिया जाए। जब भवन के अंदर शांतिपूर्ण कार्यक्रम किया जाता है तो उसकी सूचना मात्र कलेक्टर या एसडीएम को दी जाती है। ऐसे कार्यक्रमों में परमिशन की आवश्यकता नही होती है। फिर भी परेशान किया गया।

### पुलिस परिवार के इस प्रकार के आयोजन को दो बार पहले भी रोका जा चुका है

उज्जवल दीवान ने बताया कि महासम्मेलन में पूरे छत्तीसगढ़ से पुलिस परिवार के लोग इकट्ठा हुए थे। इसके पहले भी 2018 और 2022 में पुलिस परिबार के कार्यक्रम को सरकार द्वारा रोका गया था। तब दोनों बार सत्ता परिवर्तन हुआ था। पूरे भारत देश में छत्तीसगढ़ सरकार की किरकिरी हुई थी। सभी को आमंत्रण पत्र भेजा गया था। आयोजन में मुख्य रूप से तृतीय श्रेणी के पुलिसकर्मियों के परिवार शामिल होने वाले थे। इस दौरान पारिवारिक चर्चा और पुलिस की तकलीफों को लेकर विचार-विमर्श होना था। ऐन समय में कार्यक्रम नहीं होने से लोगों को आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने मौके पर हंगामा किया। जमकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मामले को लेकर राज्यपाल, राष्ट्रपति, केंद्रीय गृहमंत्री से शिकायत करने की बात कही है।

### नहीं ली गई एसडीएम व पुलिस से एनओसी

" आयोजकों ने निगम में शुल्क जमा कराया था, लेकिन आयोजन से पहले नियमत: एसडीएम व पुलिस से एनओसी आवश्यक होती है। इसे प्रस्तुत नहीं किया गया। इसलिए अनुमति नहीं दी गई। शुल्क लौटा दिया जाएगा। **-सुमित अग्रवाल,** आयुक्त नगर निगम दुर्ग

### पुलिस परिवार के लोग मिले विधायक देवेंद्र से

इस मामले को लेकर पीड़ित परिवार के लोगों ने विधायक देवेन्द्र यादव से मुलाकात की। विधायक देवेन्द्र ने कहा कि आज दुर्ग में छत्तीसगढ़ का पुलिस परिवार सम्मेलन करने जा रहा था और एक महीने पहले ही आयोजकों ने दुर्ग निगम में 28 हजार रुपए जमा कर विवेकानंद भवन को आंबटित कराया,लेकिन आज सुबह निगम की टीम ने वहां ताला लगा दिया। इधर इस सम्मेलन में शामिल होने लोग बस्तर से लेकर सरगुजा तक से दुर्ग पहुंचे। विधायक ने बताया कि आज डबरापारा में पुलिस परिवार के लोगों ने उन्हें रास्ते में रोककर अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन को रोकने लगातार उन्हें धमकियां मिल रही थी। पुलिस की वजह से हम सभी सुरक्षित है औऱ ऐसे परिवारों के सम्मेलन को रोकना कहां तक सही है। उन्होंने कहा कि यह तरीका असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। इधर विधायक को पुलिस परिवार के लोगों ने बताया कि भवन की अनुमति निरस्त करने की सूचना तक उन्हें नहीं दी। जबकि इस कार्यक्रम में वे प्रदेश के मुखिया, उप मुख्यमंत्री, डीजीपी सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आमंत्रित कर चुके थे। पुलिस परिवार के लोगों ने बताया कि वे सब मिलकर अब रायपुर जा रहे हैं ताकि गृहमंत्री से इस बारे में बात कर सकें।

## स्पॉ सेंटर की आड़ में हो रही घिनौनी हरकतें

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- सेन समाज लामबंद, आज करेगा विरोध

सेन समाज अपने हितों की रक्षा के लिए संगठित है। समाज अपनी पहचान और सम्मान कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है। सेन समाज के पारंपरिक व्यवसाय की आड़ में अन्य लोग जो सेन समाज के नहीं हैं, वे कुछ ऐसा घिनौना काम कर रहे हैं, जिससे सेन समाज की छवि खराब हो रही है। समाज के प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन व सचिव भुवनलाल कौशिक ने बताया कि इसके लिए सेन समाज ने बड़ा निर्णय लिया है। जिसके तहत 7 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

ज्ञापन में समाज हित में पांच सूत्रीय मांग से शासन को अवगत कराया जाएगा। दुर्ग में समाज के जिला अध्यक्ष भीखम सेन व जिला सेलून व्यवसाय संघ के अध्यक्ष संतोष सेन के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों में कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपने की जबावदारी सभी संभाग प्रभारी व जिला अध्यक्षों को दी गई है। उस दिन सेन समाज को लोग अपना काम बंद कर ज्ञापन सौंपने जाएंगे। उसी दिन ही समाज के प्रांतीय पदाधिकारी भी प्रांताध्यक्ष पुनीत राम सेन के नेतृत्व में राजधानी रायपुर में सीधे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा को ज्ञापन सौंपकर समाज की भावनाओं से अवगत कराते हुए मांगों को पूरा करने का अग्राह करेंगे। सेलून व्यवसाय को हमारे सेन नाई समाज के लिए प्रदेश स्तर पर आरक्षित किया जाए, ताकि हमारे समाज की परंपरागत जीविका सुरक्षित रहे। सेलून व्यवसाय की आड़ में चल रहे अवैध स्पा सेंटरों की जांच कर गलत पाए जाने वाले स्पा सेटरों पर कठोर कार्रवाई की जाए। संबंधित दोषी व्यक्ति पर आजीवन स्पा सेंटर का संचालन नहीं करने या प्रतिबंध करने संबंधी कानून बनाया जाए, जिससे सेन समाज की गरिमा नष्ट ना हो और प्रतिष्ठा बनी रहे। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड से सेन (नाई) समाज को आज पर्यन्त कोई वास्तविक लाभ प्राप्त नही हो पा रहा है।

### निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

दुर्ग। जिले के विधानसभा क्षेत्र अहिवारा के अंतर्गत एक कार्य के लिए 6 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों के लिए कलेक्टर ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत उक्त राशि की स्वीकृति दी है। अहिवारा विधानसभा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 नंदिनी नगर अहिवारा पेवर ब्लाक निर्माण हेतु 06 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## स्वस्थ नारी योजना के अंतर्गत कैदियों की स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशन में जिला के जेल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना के अंतर्गत महिला और पुरुष कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कार्यक्रम का संचालन डीएचओ डॉ. संजीव ग्लैड, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, एस.एन.एस.पी. नोडल डॉ. अर्चना चौहान और शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र बेलचंदन के मार्गदर्शन में किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान कुल 343 व्यक्तियों का बीपी परीक्षण किया गया, जिनमें से 40 व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप पाया गया। 343 व्यक्तियों का मधुमेह परीक्षण किया गया, जिसमें 2 मरीज मधुमेह से ग्रसित पाए गए। सिकलिंग जांच 111 व्यक्तियों पर की गई, और 207 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया, जिनमें से 2 व्यक्तियों का हीमोग्लोबिन 7 ग्राम से कम पाया गया। एचआईवी की जांच 54 व्यक्तियों पर की गई, और 25 महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर एवं गायनिक जांच एक्स-रे के माध्यम से की गई।

## रक्तदान महादान महान कार्य, यह किसी की जिंदगी बचा सकता है : ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- रक्तवीर और स्वच्छता मित्रो का किया सम्मान



माय भारत दुर्ग एवं सर्जना युवा समिति तिरगा के संयुक्त तत्वावधान में गायत्री मंदिर परिसर तिरगा में आयोजित स्वैच्छिक रक्त दान शिविर रक्तदाता एवं स्वच्छता में सहयोग करने वाले भाई बहन का सम्मान समारोह में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर रक्तवीरों को प्रमाण पत्र और हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया।

साथ ही स्वच्छता मित्रों को गिफ्ट प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर नेत्र परीक्षण और स्वास्थ प्रशिक्षण किया गया। इस अवसर पर आम का पेड़ रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

मौके पर सरपंच घसियाराम देशमुख, उपसरपंच सुखीत राम, रुक्मण देशमुख, रघुनाथ देशमुख, हेमंत ऋषि, देवी सिंह, तोरण देशमुख, रुपेश देशमुख, मानसिंह देशमुख, धनश्याम, भूपेन्द्र बेलचंदन, माय भारत प्रमुख नितिन शर्मा उपस्थित रहे।र क्तवीर नितिन शर्मा 44 बार, हेमंत ऋषि 23, रूपेश देशमुख 13, रूपेश निषाद 13, लक्ष्मीकांत 8, तोरण देशमुख 22, ओंकार बेलचंदन 10, चन्द्रभूषण 06, रघुनाथ 1, किशोर 2 बार रक्त दान किया है। विधायक ललित चंद्राकर कहा कि रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया। रक्तदान एक महान कार्य है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का महत्व भी बताया।

### रोजगार के लिए शिविर कल

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 7 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में व विभिन्न पदों की भर्ती की जाएगी। 8वी, 10वी, 12वी, बी.कॉम., बीबीए, एमबीए मार्केटिंग मैनेजमेंट एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यता धारी आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकतें है।

## आत्मनिर्भर भारत पर भाजपा की हुई कार्यशाला, व्यापारी के बीच हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

- कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित




स्वदेशी निर्मित उत्पादों का उपयोग कर देश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने व केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जीएसटी में भारी कटौती किए जाने के बाद आम जन को इसके फायदे बताने भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय मध्य मंडल भाजपा द्वारा लिटिल किड्स स्कूल आर्य नगर में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व महापौरअल्का बाघमार की प्रमुख उपस्थित में आयोजित वर्कशॉप में महामंत्री विनोद अरोड़ा, उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार कार्यशाला के प्रवक्ता के रूप में दिनेश देवांगन, वरिष्ठ नेता राजेश ताम्रकार ने जीएसटी स्लैब में कटौती के बाद जनता को होने वाले लाभ बताने घर घर जाने कार्यकर्ताओ से आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान के नेतृत्व में अग्रसेन चौक स्टेशन रोड स्थित व्यवसायियों के दुकानों पर जीएसटी छूट का स्टीकर लगाकर फीडबैक लिया गया। भाजपा द्वारा 25 सितम्बर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से लेकर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के 25 दिसंबर तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मदन वाढ़ई, रीता मेश्राम, शेखर चंद्राकर, मनोज सोनी मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.**
रा.प्र.क्र. 202509100900040 साहूकारी लाईसेंस वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम जामगांव एम प.ह.नं. 50 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार देवांगन पिता कोमल राम देवांगन निवासी जामगांव आर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा साहूकारी लाईसेंस प्रदान किए जाने बाबत आवेदन शपथ पत्र, चालान की प्रति, इनकम टैक्स की प्रति सहित आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदक मनीष कुमार देवांगन पिता कोमल राम देवांगन निवासी जामगांव आर तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण मे सुनवाई तिथि 06.10.2025 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.09.2025 को जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

जगजीवन आयुर्वेद

धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

05



100 वर्ष का हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्साह और अनुशासन में निकला पथ संचलन, पूर्ण गणवेश में कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

**लाइव इवेंट**

## रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले का 95 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक ने किया दहन



**भिलाई।** नेहरू नगर वेलफेयर एंड दशहरा एसोसिएशन द्वारा विजया दशमी के पर्व पर परंपरा अनुसार नेहरू नगर के 95 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत महाप्रबंधक बी एस शर्मा ने रावण के साथ साथ मेघनाथ एवं कुंभ कर्ण के पुतले का दहन किया। नेहरू नगर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मर्यादा पुरुषोत्तम राम के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन दशहरा एसोसिएशन के प्रमुख संरक्षक शशांक रस्तोगी ने किया। इस दौरान संगीत कलाकारों ने भजन और संगीत कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति दी। छोटे छोटे बच्चों ने अस्वच्छता का पुतला स्वयं अपने हाथों से जलाया। हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमुदाय ने रंग बिरंगी आतिशबाजी का भरपूर आनंद लिया। समारोह में उपस्थित प्रमुख संरक्षक शशांक रस्तोगी, रमेश श्रीवास्तव, भरत लखोटिया, उमेश चितलांगिया और संरक्षक सुरेश केजरीवाल, अनिल डागा, रामभगत अग्रवाल, जी डी जसवानी, मंजीत निरंकारी, डॉ आदित्य मेंठी, के एस बेदी और वरिष्ठ नागरिक बीएस शर्मा का सम्मान स्मृति चिन्ह एसोसिएशन की ओर से मनीष सोनी, नरेश डोरा,शैलेन्द्र ताम्रकार, बसंत साहू, योगेश अग्रवाल, बसंत चौबे द्वारा प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में वेलफेयर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एस एन मोदी,उमेश सिंह,कार्यकारणी सदस्य मनु शर्मा,बेनी राम देवांगन,प्रदीप सूर्यवंशी, डॉ आलोक मिश्रा, सर्वेश अग्रवाल,वैभव जैन,पंकज अग्रवाल,अमित सिंह, के वी प्रियन,मनोज गुप्ता,शमशेर बहादुर कांचा,कमलेश ताम्रकार,संजय वड़कुले एवं मीरा गुप्ता की प्रमुख भूमिका थी।

**सिटी इवेंट**

## विद्यार्थियों के वर्तमान आवश्यकताओं और उनके हित में है राष्ट्रीय शिक्षा नीति



**भिलाई।** शास पू मा शाला परिसर अहिवारा नगर के बानबरद वार्ड में राज्य सर्व शिक्षक परिषद और राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ शिक्षा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर राजीव प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उनके हित में बनाया गया है। प्राचीन समय में तक्षशिला नालंदा विक्रमशिला जैसे प्रख्यात विश्वविद्यालय थे उस समय भी शिक्षा निति बनाया गया था जहां पूरे विश्व के जिज्ञासु शिक्षार्थी अध्ययन के लिए आते थे। साहित्यकार शिक्षाविद् आचार्य डॉ महेश चंद्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में राष्ट्र पहले है। भारत ज्ञान विज्ञान के लिए प्रसिद्ध है। भारत ज्ञान परंपरा के वाहक ग्रंथों, गीता, रामायण को समझें। युनेस्को ने भगवत गीता और भरतमुनि के नाट्यशास्त्र को विश्व धरोहर घोषित किया है। महाभारत युद्ध का शास्त्र नहीं, बल्कि ज्ञान विज्ञान और नैतिक मूल्य पर आधारित है। इस दौरान हनोदा की शिक्षक प्रज्ञा सिंह, कंडरका के राजेंद्र झा और कवर्धा के जितेंद्र सिंह ठाकुर ने अपनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विचार रखें। धमधा विकासखंड के सेवानिवृत शिक्षकों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस संगोष्ठी में समाजसेवी राष्ट्रीय चिंतक बिसरा राम यादव, आशुतोष चौरे, दुर्ग के संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, धमतरी जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, राजनादगांव के शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल, सहायक संचालक अमित घोष, राज्य कर्मचारी संघ छग शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष प्रकाश नारायण बघेल, संरक्षक तुलाराम साहूस गोरेलाल साहू, व्याख्याता संघ के राजेंद्र झा, अरुण साहू, बसंत दास, देशबंधु शर्मा, उत्तम साहू और दुर्ग जिले के प्राचार्य, प्रधान पाठक, शिक्षक और प्रदेश के 15 जिलों के शिक्षक प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बाबा दरबार धनोरा में जोत जंवारा विसर्जन

**भिलाई/उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में क्वांर नवरात्रि पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया गया।



30 सितंबर को शाम 4 बजे दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा द्वारा विधी विधान के साथ पूजा की गई। हवन कुंड में हजारों भक्तों ने हवन डालकर माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर करीब पांच हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा दरबार से जोत जवारा विसजर्न के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। जो बजरंग पारा से होते हुए बाजार चौक मेन गली शीतला पारा होते हुए शीतला तालाब पहुंची। जोत जवारा के आगे आगे गुलाब साहू एवं हेमंत साहू की मंडली जस गीत गाते हुए चल रही थी। जगह जगह भक्त मनोकामना ज्योति कलश की पूजा अर्चना कर फूल बरसा रहे थे। आयोजन में मुख्य रूप से दरबार के नंद पंडा, विनोद साहू, राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू, गज्जू रायपुरिहा, गुलाब साहू, योगेश साहू, जीवराखन ठेकेदार, बाबू लाल साहू, भोलू साहू, खिलेश्वर साहू, दिनेश साहू, चन्द्र कांत देवांगन, एमलाल देवांगन, मारियल साहू, वासुदेव स्प्रे, कुंभकरण पटेल ,मुनना गंधर्व, सुनील पेन्टर सुंदर सपरे दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू टीकम गुमान साहू कल्याण देवांगन ललित साहू रोशन साहू बबिता साहू, ललिता यादव, सुनीता साहू, हितेश पटेल, लक्ष्मी साहू, कौशिल्या सेन, रुखमणि साहू आदि मौजूद थे।

● मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह, दो हफ्ते तक विभिन्न स्थानों पर होंगे आयोजन

# सेव द टाइगर, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों ने पेंटिग में उकेरी अपनी कल्पनाएं, 850 बच्चों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

**भिलाई।** ट्विनसिटी के मैत्रीबाग में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के आयोजन की शुरुआत की गई। 5 से 12 अक्टूबर तक होने वाले इस विशेष आयोजन के जरिए लोगों तक वनों और जीव जंतुओं के संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाई जायेगी। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह की शुरुआत रविवार को मैत्री गार्डन के मोमबती लॉन में पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ आयोजित की गई। जिसमें कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वन्य प्राणियों एवं पर्यावरण के संरक्षण विषय में ड्राइंग शीट पर एक से बढ़कर एक चित्रों को बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को उकेरा। जिसे आयोजक मंडल एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों ने जमकर सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाप्रबंधक ए.बी.श्रीनिवास और उद्यान विभाग के महाप्रबंधक डॉ. एन. के. जैन की उपस्थिति में सुबह 10 की गई। प्रतियोगिता में बी.एस.पी. और नॉन-बी.एस.पी. स्कूल के प्राथमिक, माध्यमिक व हायर सेकंडरी के विद्यार्थियों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



### चित्रकारी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह

आर्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता में दुर्ग-भिलाई के विभिन्न स्कूलों के लगभग 850 बच्चों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वन्य जीव संरक्षण विषय का संदेश चित्रकारी के जरिए बखूबी से दिया। इस अवसर पर बच्चों ने कहा कि वह लोगों को वनों और जीव जंतुओं के संरक्षण का संदेश अपनी चित्रकारी के जरिए पहुंचा रहे हैं। पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। मैत्रीबाग में आयोजित चित्रकारी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ने सेव द टाईगर की पेंटिंग बनाते हुए लोगो को बाघों के संरक्षण का संदेश दिया वही कई बच्चों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करते हुए दिखाया।



### 12 अक्टूबर को होगा समापन

मैत्रीबाग के प्रभारी एन के जैन ने बताया कि इस प्रयोगिता को लेकर बच्चों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। 12 अक्तूबर को इसका समापन किया जाएगा। उस दिन हम विजेता बच्चों को पुरस्कृत करेंगे। इस विशेष आयोजन के जरिए लोगों तक वनों और जीव जंतुओं के संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाई जा रही है।



### दो सप्ताह तक होंगे विभिन्न आयोजन

मैत्रीबाग प्रभारी एन के जैन ने बताया कि बच्चों में वन्य जीवों तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह इस बार दो सप्ताह तक आयोजित किया जायेगा। इसी कड़ी में रविवार को पहले दिन सभी स्कूलों के बच्चों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। कई स्कूलों के बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्राइमरी, सेकेंडरी और हाई सेकेंडरी स्तर पर प्रतियोगिता रखी गई थी। जिसमें साढ़े 8 सौ बच्चों ने हिस्सा लिया है। हमने बच्चों के अंदर वन्य प्राणी संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इसका आयोजन किया है।



### चित्रकारी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह



आर्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता में दुर्ग भिलाई के विभिन्न स्कूलों के साढ़े 8 सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने वन्य जीव संरक्षण विषय का संदेश चित्रकारी के जरिए बखूबी दिया। बच्चों ने इस अवसर पर कहा कि वह लोगों को वनों और जीव जंतुओं के संरक्षण का संदेश अपनी चित्रकारी के जरिए पहुंचा रहे हैं। पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल बच्चों ने वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

# स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने विश्व उद्यमी दिवस पर हुए मैनेजमेंट गेम्स, विजेता पुरस्कृत

**भिलाई।** युवाओं में उद्यमिता को एक व्यवहारिक और सतत रोज़गार विकल्प के रूप में बढ़ावा देने और स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने विश्व उद्यमी दिवस मनाया गया।

- विश्व उद्यमी दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन



इस अवसर पर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग, उद्यमिता संवर्धन प्रकोष्ठ और आईक्यूऐसी के तत्वावधान में विविध रचनात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष खुशबू पाठक ने विद्यार्थियों को नवीन और सतत व्यवसाय मॉडल प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करते हुए उद्यमियों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया।

डॉ. दीपक शर्मा और डॉ मोनिषा शर्मा ने विद्यार्थियों के रचनात्मक सुझावों और प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें स्टार्टअप संस्कृति की दिशा में सकारात्मक योगदान के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है जो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस दौरान आयोजित प्रतियोगिता में आस्था अग्रवाल, रिया बोरकर, हर्षवर्धन शर्मा विजेता रहे। मैनेजमेंट गेम्स में विजेता वीरभद्र, सी.एच. श्रुति, पियूष साहू रहे। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अमरजीत, विजय मिश्रा, तिलक साहू और इंद्राणी दास ने भी अपने विचार रखे।





## त्यौहारी सीजन में व्यापारियों को होगी सुविधा चेम्बर ने किया सिक्के और चिल्हर का वितरण



**भिलाई।** त्योहारी सीजन में बाजारों में चिल्हर की किल्लत को देखते हुए चिल्हर 2, 5 और 10 के सिक्के का वितरण किया गया। चेंबर के महामंत्री अजय भसीन ने बताया त्यौहार का समय आ रहा है। इस सीजन में चिल्लर कि बहुत जड़ा कमी देखी जाती है। जिससे छोटे दुकानदार और ग्राहक के बीच समन्वय नहीं हो पाता है, ग्राहक और व्यापारियों में समन्वय बना रहे ताकि ग्राहक को कोई समस्या न आए। इसी कड़ी में रविवार को सर्कुलर मार्केट में चिल्हर और करेंसी वितरण किया। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि छोटे व्यापारी इसका लाभ उठाएं। हमने यह देखा कि छोटे व्यापारी चिल्हर व छोटे नोटो की कमी से परेशानी महसूस कर रहे थे। इस दौरान चेम्बर प्रभारी राम ओबेरॉय, रितेश अग्रवाल, परमजीत लाड्डी, राजीव गुप्ता, चिन्ना रॉव, सुनील मिश्र, विशाल छाबड़ा, सुनील चौहान, शंकर सचदेव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेक्टर-4 एसएनजी विद्या भवन में 12 अक्टूबर तक होगा आयोजन

# बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने जीता दिल, 12 श्रेष्ठ प्रतिभागियों को मिलेगा जय पद्मा अवॉर्ड

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** सेक्टर-4 स्थित एसएनजी विद्या भवन में चल रही नृत्यधाम कला समिति की नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला और चित्रकारी प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को मंच पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक और मोहिनी अट्टम जैसे शास्त्रीय नृत्य रूपों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।12 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में रविवार को एक से बढ़कर एक सभी प्रस्तुति के बाद भवन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि हजारों प्रतिभागियों में से 12 श्रेष्ठ कलाकारों को जय पद्मा अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अब तक निर्णायकों द्वारा 6 प्रतिभागियों का चयन किया जा चुका है।





### नई प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

आयोजन की जानकारी देते हुए नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी बच्चे और कलाकार भाग लेने पहुंचे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को मंच देना और कला के हर रूप को सम्मानित करना है। आयोजन के दौरान विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागी अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे। डॉ. रॉय ने बताया कि प्रतियोगिता के अंत में प्रतिदिन विजेताओं को सम्मानित किया जा रहा है और श्रेष्ठ प्रस्तुतियों का विशेष मंचन भी होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रतिभागी और उनके अभिभावक मौजूद थे, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों पर उत्साहपूर्वक तालियां बजाईं। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में ऋषिकेश पोहनकर, युवराज, डॉ. कुणाल दासगुप्ता और निसार अहमद उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# नए विद्यार्थियों का स्वागत, कोपा और स्टेनोग्राफर को मिला प्रमाण पत्र



**भिलाई।** रमन आईटीआई बाबा दीप सिंग नगर भिलाई में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सत्र 2024-25 में कोपा और स्टेनोग्राफर हिंदी ट्रेड में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् एम पी शुक्ला, जे पी घनघोरकर संयोजक जिला शिक्षा प्रकोष्ठ भाजपा, सहसंयोजक मालवीय और संस्था संचालक अरविन्द सिंग उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्था के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परिणाम पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर कोपा और स्टेनोग्राफर में प्रथम स्थान, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया।

## धर्म लाइव

# नवीन उज्वल महिला महाराष्ट्र मंडल ने मनाया शारदा उत्सव





**भिलाई।** महाराष्ट्र का पारंपरिक त्यौहार दशहरा होने के बाद शारदा उत्सव मनाया जाता है। शारदा माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चन कर भजन संध्या की जाती है। यह आयोजन महाराष्ट्र मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश के निवास में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी सदस्यों ने मिलकर बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें प्रथम स्थान पर वीणा देशपांडे, द्वितीय स्थान पर किरण शिरेकर, तृतीय स्थान पर साक्षी वांडरे रहीं। मंडल अध्यक्ष नीलू लिमेश ने सभी विजेता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सुषमा ठोसर, उपाध्यक्ष उषा तलमले, भारती नंदनवार, राखी साहू, संध्या कापसे, मंदा वासनकर, प्राची लिमेश, चैताली डेकाटे, नंदा पांडे, प्रवीणा कापसे, नंदा पांडे, विनीता गुलहाने आदि सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सुषमा ठोसर ने आभार व्यक्त किया।

## समाज इवेंट

# भिलाई में ललित कला और एनएसडी के लिए अब राज्य शासन पहल करेगा



**भिलाई।** ललित कला अकादमी का रीजनल सेन्टर भिलाई में खोलने के लिए अब छत्तीसगढ़ शासन अपने स्तर पर पहल करेगा। यही नहीं भारत की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था एन.एस.डी. की शाखा खोलने के लिए भी केन्द्रीय संस्कृति मंत्री से चर्चा करेगा। छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग के डायरेक्टर विवेक आचारी ने प्रतिनिधिमंडल को यह जानकारी दी। मुलाकात के दौरान मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी, बी.एल.सोनी, विजय शर्मा, मोहन बराल, प्रवीण कालमेघ, रूपा साहू, गुंजन शर्मा एवं ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ से प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे। सदस्यों ने बताया कि सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के कलाकार विगत अनेक वर्षों से अकादमी का रीजनल सेन्टर खोलने संघर्षरत हैं। विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में भी सांसद ने ललित कला अकादमी के मांग को मोदी की गारंटी के रूप में शामिल किया था। डायरेक्टर विवेक आचारी ने कहा है कि सांसद और कलाकारों ने अपने स्तर का काम बखूबी कर दिया है लेकिन इसमें राज्य शासन शामिल नहीं था। यही वजह है कि यह मांग अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब राज्य शासन प्रयास करेगा कि इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कर सके। बातचीत के दौरान वरिष्ठ रंगकर्मी विजय शर्मा और प्रवीण कालमेघ ने भिलाई मे समृद्ध नाट्यकला की दशकों से जारी परंपरा का विस्तृत वर्णन किया। इन संस्थानों के खुलने से भारतीय कलाजगत में छत्तीसगढ़ का वर्चस्व बढ़ेगा और यहां के कलाकारों को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अपनी कला दिखाने का मौका मिलेगा। डॉ.अंकुश देवांगन ने एक जानकारी में बताया है कि सांसद विजय बघेल स्वयं एक सिद्धहस्त कलाकार रहे हैं। उनकी महत्वाकांक्षी योजना है कि छत्तीसगढ़ के कलाकार देश दुनिया में अपना नाम रोशन करें। जिसके लिए वे निरंतर कलाकारों का मार्गदर्शन और समर्थन करते आ रहे हैं जिसका प्रतिफल है कि अब शासन स्तर पर यह कार्यवाही शुरू होने जा रही है। इधर राज्य शासन द्वारा देश के इन दोनो बड़े कला संस्थानों की स्थापना के लिए संज्ञान लिए जाने पर खैरागढ़ से लेकर बस्तर, कोंडागांव, सरगुजा, रायपुर, बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ी कलाजगत के समस्त कलाकारों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

## संघ स्थापना शताब्दी पर स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

# 100 वर्ष का हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उत्साह और अनुशासन में निकला पथ संचलन, पूर्ण गणवेश में कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर ट्विनसिटी के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्र समर्पण की भावना से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को सेक्टर 5 में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया। कदमताल मिलाते निकले दर्जनों स्वयंसेवकों ने संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूर्ण गणवेश में एकत्रीकरण कर पथ संचलन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पी पी सिंह सेवानिवृत वरिष्ठ अभियंता और मुख्य वक्ता पी दीनबंधु भिलाई नगर कार्यवाह और सांसद विजय बघेल उपस्थित थे। इस दौरान स्वयंसेवकों को बौद्धिक देकर शताब्दी वर्ष की महत्ता और पंच परिवर्तन के मूल भाव यानी स्वयं के भाव को समझाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संघ संस्थापक और भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अनुशासन और उत्साह के साथ काफी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिनका लोगों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर विजयदशमी उत्सव और शस्त्र पूजन का भी आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने संघ के उद्देश्य और शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में विजयदशमी उत्सव, शस्त्र पूजन और पथ संचलन का आयोजन किया गया। संघ की 100 वर्ष की यात्रा से संबंधित कई स्थानों में प्रदर्शनियां भी लगाई जा रही है। कार्यक्रमों में समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों को भी आमंत्रित किया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर भिलाई के सेक्टर 5 में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक अनुशासन में पथ संचलन निकाला। घोष की धुन पर पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए काफी संख्या में स्वयंसेवकों ने करीब तीन किमी से अधिक पथ संचलन में भाग लिया। पथ संचलन को देखने के लिए लोग



### कॉलोनी वासियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



रविवार की सुबह 7 बजे सेक्टर 5 सांई बाबा मंदिर के डोम शेड में सभी स्वयंसेवक एकत्रित हुए, जिसके बाद सेक्टर 5 गणेश मंदिर, सड़क 14,15 से न स्कूल और मार्केट से होते हुए विभिन्न चौक-चौराहों से निकले। पुनः डोम शेड पर पथ संचलन का समापन हुआ। इस दौरान कालोनियों में पुष्प वर्षा कर पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। पथ संचलन में बाल से लेकर प्रौढ़ स्वयंसेवक शामिल रहे। वयोवृद्ध स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयंसेवक में नई ऊर्जा व दायित्व का बोध करा रही है। विजयदशमी पर वर्ष 1925 में नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी।



### संगठन राष्ट्र सेवा के कार्य में जुटा

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समर्थ नगर कार्यवाह अंजनी कुमार द्वीवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 100 वर्षों से निरंतर शाखों के माध्यम से व्यक्ति निर्माण का कार्य करता चला आ रहा है। वर्तमान में दर्जनों की संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसार एक संगठन राष्ट्र सेवा के कार्य में जुटे हुए हैं। संघ जैसा कोई विश्व में दूसरा संगठन नहीं है जो निस्वार्थ भाव से निरंतर सौ वर्षों तक सेवा क्षेत्र में कार्यरत हो। बौद्धिक के उपरांत कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन में भाग लिया। इस दौरान अनिल दीक्षित संघचालक समर्थ नगर, नितेश सिंह जिला पर्यावरण प्रमुख, अनुज नारद नगर पर्यावरण संयोजक, प्रकाश गेडाम नगर सेवा प्रमुख, अंजनी कुमार द्विवेदी समर्थ नगर कार्यवाह, राजेंद्र दुबे, अभिनव बाडनेकर नगर घोस प्रमुख, जय प्रकाश सहित अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित थे।



## प्रदर्शनी में उमड़ी लोगों की भीड़

# स्वदेशी उत्पादों ने लोगों को किया आकर्षित, आत्मनिर्भर महिलाओं का जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया हौसला





**दुर्ग ।** देश की सबसे बड़ी व्यापारी संगठन कॉफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को स्वालंबन से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित दीपावली एग्जिबिशन में रविवार को लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी।

दीपावली एग्जीबिशन में दुर्ग भिलाई की महिलाओं द्वारा कुल 44 स्टाल लगाए गए । स्टॉल में उनके स्वदेशी, पारंपरिक व फैंसी उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया। स्टॉलों में धान व सुतली से निर्मित ज्वेलरी, हर्बल हेयर ऑयल, साबुन, परफ्यूम, कपड़े, चादर, गर्म कपड़े, भगवान के पोशाक, हेण्डीक्राफ्ट, हैंड बैग, मिट्टी व गोबर के दिए, रंगोली डिजाइनर, आचार, पापड़, मुखवाश, मैगी, तिल-गुड़ के लड्डू, टेटरी, खुरमी के अलावा अन्य स्वनिर्मित उत्पादों ने लोगों को खासा आकर्षित किया,वहीं छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा-चिला, टेटरी खुरमी, गुपचुप का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। इसके अलावा मनोरंजक गेम का खूब आनंद लिया। इस एग्जीबिशन ने दीपावली पूर्व शहर में रौनक बढ़ा दी है।

जिससे एग्जीबिशन स्थल सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास देर शाम तक लोगों की भीड़ रही। दीपावली एग्जीबिशन का सांसद विजय बघेल और महापौर अलका बाघमार ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ने एग्जीबिशन का निरीक्षण किया और महिलाओं के उत्पादों की सराहना की। इसके अलावा आरएसएस के पूर्व छत्तीसगढ़ प्रमुख बिसराराम यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा, दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व सभापति राजेश यादव, साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन, उपाध्यक्ष अशोक राठी, प्रहलाद रुंगटा, कैट दुर्ग जिला अध्यक्ष प्रकाश सांखला, महामंत्री प्रकाश गोलछा, कैट चैयरमैन पवन बड़जात्या, संजय चौबे, कैट संभाग प्रभारी मोहम्मद अली हिरानी ने हौसला बढ़ाया। महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ।

## तीन दिवसीय विधान शुरू

# दिगंबर जैन मंदिर में शरद पूर्णिमा पर गुरू गरिमा दिवस





**भिलाई।** श्री विद्यासमय आदर्श वर्षायोग में नेहरु नगर दिगंबर जैन मंदिर परिसर में शरद पूणिमा पर गुरू गरिमा दिवस के अवसर पर त्रय विधान महोत्सव का रविवार को भक्तिमय आगाज हुआ। इस तीन दिवसीय विधान के प्रथम दिवस श्रीकल्याण मंदिर विधान भक्ती पूर्वक शुरु हुआ। सुबह श्रीजी की शांति धारा करने का सौभाग्य बैजनाथ ऊषा जैन और विनोद, ज्योति, क्षितिज, अंकिता का परिवार सोधर्म इन्द्र बनकर अर्घ समर्पित करने का पुण्य विजय सरला जैन, ईशान इन्द्र, गुणमाला कासलिवाल परिवार ने लिया। इस अवसर पर पूज्य आर्यिका अक्षय मति माताजी ने विधान की महिमा बताई। इससे होने वाले अनंता नंत पुण्य के संबंध मे उपस्थित भक्तो को बताया। प्रथम दिवस विधान समारोह मे भिलाई-दुर्ग शहर के भक्तगण उपस्थित होकर पुण्य प्राप्त किए और अपने कर्मो की निर्जरा की। विधान के दुसरे दिवस श्री चौसठ ऋद्धि विधान का भव्य आयोजन आज किया जायेगा।

## कर्तव्यों का पालन करते हुए रखें दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा

# भगवान राम के आदर्शों पर चलकर ही रावण रूपी बुराइयां खत्म होंगी : ताम्रध्वज



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति और गनियारी ग्रामवासी के संयुक्त तत्वाधान में दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रावण दहन से पहले अतिथियों ने रामलीला के पात्रों का तिलक आरती कर पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री मंत्री छ.ग. शासन ताम्रध्वज साहू, केस शिल्पकला बोर्ड अध्यक्ष नंदकुमार सेन, पूर्व अध्यक्ष साहकारिता प्रकोष्ठ रिवेन्द्र यादव, पूर्व सभापति जिला पंचायत दुर्ग लक्ष्मी साहू, सरपंच गनियारी संतोषी साहू, रोहित साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए ताम्रध्वज साहू ने कहा कि वे इस दिन को केवल रावण जलाने का दिन न समझें बल्कि इसकी गहराई को समझें और रावण रूपी बुराइयों को दूर करने के लिए राम रूपी शक्ति को आगे लाएं।



### राम नाम के तत्व को जीवन में अपनाएं, दूसरों के प्रति रखें करुणा

इस मौके पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है और हमें अपने बच्चों को भी अच्छे कर्म करने और अच्छे रास्ते पर चलने की सीख देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रामनत्व को अपनाने का अर्थ है अपने जीवन में धार्मिकता, न्याय, और कर्तव्यनिष्ठा को प्रमुखता देना। यह हमें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रामनत्व हमें सिखाता है कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए भी दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा रखनी चाहिए।

### नकारात्मक, अहंकार व अन्याय को समाप्त कर लाए सकारात्मकता



ताम्रध्वज साहू ने कहा कि रावणत्व को समाप्त करने का मतलब है अपने भीतर की नकारात्मकता, अहंकार और अन्याय को दूर करना। यह हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और बेहतर इंसान बनने में मदद करता है। रामनत्व को अपनाकर हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते हैं और समाज में एक अच्छा बदलाव ला सकते हैं। इस अवसर पर राम लीला मंडली के कलाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मोहन नेगी, बीरेंद्र धनकर, कुलेश्वर साहू, गोवर्धन साहू, जीतेन्द्र साहू, ललित साहू, परमानंद साहू, हरीश साहू, मनोज साहू, यशवंत साहू, नेमीचंद साहू, महेश, गयाराम साहू, संतोष निषाद, दिनुराम साहू आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### विजयदशमी पर छोटे बच्चों ने भी किया रावण दहन

**अंडा।** ग्रामीण अंचल में छोटे बच्चों ने रावण का छोटा पुतला बनाया और आतिशबाजी के बाद दहन किया। इस अवसर पर पहले पटाखे चलाए गए, फिर रावण के पुतले को जलाया गया। अंत में मोहल्ला वासियों को समोसे व जलेबियां खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया गया। इस अवसर ऋषि साहू, शौर्य साहू, सौम्या, डिलेश साहू, भावना साहू, डुग्गु साहू, खुशी साहू सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## निधन

### लुकेश्वर नेताम



**जामगांव आर।** जामगांव आर निवासी युवा शिक्षक लुकेश्वर नेताम 40 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार जामगांव आर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भुरवा राम नेताम के पुत्र थे।

### डेनियल एंब्रोस



**भिलाई।** हुडको निवासी डेनियल एंब्रोस का निधन 5 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 6 अक्टूबर को नेहरू नगर क्रिश्चियन कब्रिस्तान में किया जाएगा। वे एरिक मेरी का पति, जूड़ फ्रांसिस का पिता एवं पुष्पा एंब्रोस के ससुर थे।

## जामगांव आर में विजयादशमी उत्सव का आयोजन

# आरएसएस देश प्रेम को सर्वोपरि मान भारत माता की सेवा करता है संतान की तरह : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष में उपखंड जामगांव आर ने विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया। जामगांव आर उपखंड कार्यवाह उमाशंकर साहू के निर्देशन में रविवार को पथ संचलन एवं शस्त्र पूजा के साथ आयोजन हुआ। नगर वासियों ने पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा की। इस समारोह के मुख्य वक्ता दुर्ग जिला सेवा प्रमुख तोरण सिन्हा थे। मंच पर जामगांव आर उप खंड संघ चालक लीलाधर वर्मा और छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्ग दर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन मंचासीन रहे। अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक कामता प्रसाद साहू ने की।

मुख्य वक्ता तोरण सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ देश प्रेम को सर्वोपरि मानकर भारत माता की सेवा संस्कारी संतान की तरह करता है। संघ का स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से काम करके आनंदित हो उठता है। ऐसे स्वयंसेवकों के समूह समाज का नाम राष्ट्रीय सेवक संघ है। प्रेम भाव से देश समाज की सेवा करने वाले सभी स्वयंसेवक है। 100 वर्ष के खट्टे मीठे अनुभव के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भारत माता के बारे में बुरा सोचने वालों के मंसूबे पर पानी फेरा है। वरिष्ठ स्वयंसेवक कामता प्रसाद साहू ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निस्वार्थ निश्चल सेवा करने वाले स्वयंसेवकों की लंबी श्रृंखला भारत माता को दी है जिसके कारण आज भारत माता का गौरव विश्व में बढ़ा है। भारत माता के विरोधी तिलमिला उठे है। 100 वर्षो की संघ की सफर भारत माता के वैभव के लिए मिल का पत्थर साबित हुआ है। जिसे भारत ही नहीं पूरा विश्व निहार रहा है।

आयोजन में स्वयंसेवकों के साथ समग्र ग्राम विकास जिला प्रमुख हलधर महमल्ला उपखंड व्यवस्था प्रमुख डॉ गुलाब साहू, सेवा प्रमुख द्वारिका साहू, मंडल पालक किशोर साहू, बौद्धिक प्रमुख निखिल, सामाजिक सद्भावना प्रमुख पुष्कर साहू, सरस्वती शिशु मंदिर प्राचार्य पूरनलाल बारले, हाथेश्वर साहू मनीष चंद्राकर, पूर्णेंद्र सिन्हा, दुर्गेश साहू आदि की विशेष उपस्थिति रही।

**पथ संचलन में पुष्प वर्षा की गई स्वयंसेवकों पर**



## गरीब परिवार का सहारा बनी अन्नपूर्णा मुहिम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

संत रामपाल महाराज के द्वारा चलाई गई अन्नपूर्णा मुहिम के तहत दो परिवारों को 3 अक्टूबर शुक्रवार को राहत सामग्री दी गई। ग्राम - कोपेडीह, तहसील पाटन में मुखिया मनदयाल शर्मा (35) के परिवार में पत्नी ज्योति शर्मा के अलावा चार छोटे बच्चे भी हैं जिनका गुजर-बसर बहुत ही कठिनाइयों से होता था। मनदयाल को फेफडे की बीमारी एवं हार्ट में ब्लड जमा हो जाने के कारण पैरों में सूजन बनी रहती है जिस कारण से कहीं पर वे काम करने में सक्षम नहीं है चारों बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते है लेकिन कापी पुस्तक एवं ड्रेस के लिए पैसों की कमी होती थी इनकी पत्नी ज्योति शर्मा कभी कभी केटरिंग में काम मिलने पर किचन का काम करने जाती थी बाकि समय पति और बच्चों के देखभाल करने में निकल जाता था।

■ संत रामपाल महाराज की पहल पर बेसहारा परिवारों का दुख हुआ दूर

इस परिवार को सोशल मीडिया के माध्यम से संत रामपाल महाराज द्वारा चलाई जा रही अन्नपूर्णा मुहिम की जानकारी हुई और सतलोक आश्रम धनाना जिला सोनीपत हरियाणा में संपर्क कर मदद मांगी गई। इस पर संस्था के शिष्यों ने निराश्रित परिवार को अन्न एवं रसोई के जरूरी समान के साथ साथ चारपाई, गद्दा, पंखा, कुर्सी, चादर, कंबल, बर्तन, पूरे परिवार के लिए पहनने के लिए कपड़े, बच्चों के लिए स्कूल की कॉपी, जूते, स्कूल बैग जैसे जरूरी समान देकर निःशुल्क मदद की। इसी तरह दूसरा परिवार आशा रात्रे, पत्नी स्व. राकेश रात्रे ग्राम जामगांव एम, तहसील पाटन को तीसरी बार राशन सामग्री एवं बच्चों के लिए कपड़े दिए गए। राकेश रात्रे का निधन हो गया है जो किडनी की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे और डायलिसिस पर थे इस परिवार का भी गुजर - बसर करना बहुत ही कठिन हो रहा था। संत रामपाल महाराज जी के शिष्य खेमेंद्र साहू, राम नरेश महतो, मुकेश सिन्हा, कौशल यादव, ठक्कर दास, शैलश साहू एवं अन्य शिष्यों ने बताया कि इन परिवारों की मदद तब तक की जाएगी जब तक इनकी स्थिति सामान्य नहीं हो जाती या परिवार में कोई काम करने लायक नहीं हो जाता चाहे ये मदद की सेवा इन परिवारों को आजीवन ही क्यों न करनी पड़े निःशुल्क सेवा जारी रहेगी।

## महात्मा गांधी जयंती पर ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



पाटन विधानसभा की नगर पालिका परिषद् अमलेश्वर में महात्मा गाँधी जयंती का आयोजन किया गया। इसके तहत कार्यालय में महात्मा गाँधी के तैलचित्र पर फुल माला अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। तत्पश्चात स्वच्छता कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति प्रोत्साहन के लिए प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया तथा सभी के द्वारा स्वछता की शपथ ली गयी। इस अवसर में नगर पालिका के अध्यक्ष दयानंद सोनकर, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद डॉ आलोक पाल, सोहन निषाद, राजू सोनकर, खुबीराम सोनकर, रामेश्वरी ठाकुर, यामिनी यादव, ललिता साहू, भेज लाल सोनकर, श्रीमती मालती बाई साहू, लेखनी साहू, सेवती निषाद, मीना रानी चेलक, नीलम मिंज, घनश्याम प्रसाद साहू, दीपक घिडोड़े, डोमन लाल यादव, हेमलाल साहू एवं जीवनंदन वर्मा आदि उपस्थित थे।

## 45 गर्भवती महिलाओं को दिया गया पोषण किट



**अंडा।** शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ संस्कार (सीमन्तोन्नयन) एवं नव कुंडीय गायत्री ग्राम पंचायत चिंगरी के समीप डोम शेड में सम्पन्न किया गया। जिसमें 45 गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार किया गया। कार्यक्रम के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि सभी माता के लिए पोषण किट वितरण किया गया। विशेष प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। प्रशिक्षिका तुलसी साहू लोहारा, लेखा साहू गुरुर, रेणुका गजीर दल्ली राजहरा,संगीत एवं वादन लेख राम साहू एवं विश्वकर्मा हेमंत साहू, सुशीला साहू, ऋषभ कुमार साहू कार्यक्रम का संरक्षक भुवनेश्वर प्रसाद एवं रेखा साहू थे। कार्यक्रम के अतिथि गण चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव यादव एवं सरपंच पुष्पा वाघमारे, पुष्पा देशमुख पूर्व संरपंच ग्राम पंचायत चिंगरी, लक्ष्मी दिल्लीवार अध्यक्ष महिला मानस मंडली ग्राम चिंगरी, धीरजलाल टॉक दुर्ग भिलाई उपजोन समन्वयक, अभयलाल ध्रुवे मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ दुर्ग, मलिकराम साहू शिक्षक, बेदनाथ भारद्वाज शिक्षक, अर्जुनलाल साहू, जगनराम साहू आदि शामिल हुए।

**बिजनेस साइट**

## कांती ज्वेलर्स में उपहार जीतने का सुनहरा अवसर



**भिलाई।** सिरसा रोड चांदनी चौक भिलाई में संचालित कांती ज्वेलर्स में ग्राहकों के लिए नवरात्रि एवं दिपावली के शुभ अवसर पर उपहारों की बरसात एवं दिवाली धमाका ऑफर दिया जा रहा है। ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि खुशियों के रंग कांती ज्वेलर्स के संग के तर्ज पर ग्राहकों के लिए कई प्रकार के आकर्षक उपहारों का ऑफर दिया जा रहा है। कांती ज्वेलर्स 17 वर्षों से ग्राहकों की सेवा में लगा हुआ है। 22 सितंबर से 25 हजार की खरीदी पर लक्की ड्रा कूपन दिया जा रहा है। कूपन का ड्रा 1 जनवरी 2026 को खोला जाएगा जिसमें विशेष आकर्षक उपहार ग्राहकों को दिया जाएगा। कांती ज्वेलर्स की स्वर्ण एवं चांदी संचय योजना के तहत 1 हजार, 2 हजार, 5 हजार के 12 माह के आसान किस्तों में उपलब्ध है। जमा करने से 1 माह छूट मिलेगा। कांती ज्वेलर्स में डायमंड, सोना, चांदी के आकर्षक डिजाइन के गहने उपलब्ध है साथ ही राशि रत्न भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए कांती ज्वेलर्स दुकान में संपर्क किया जा सकता है।

## आधुनिक तकनीक से बची मासूम की किडनी

**भिलाई।** बदल रहे खानपान और अनियमित दिनचर्या की वजह से बच्चों को कम उम्र में कई बड़ी बीमारियां हो जा रही है। ऐसा ही एक मामला पिछले दिनों आरोग्यम हॉस्पीटल में सामने आया। जिसका उचित उपचार कर विशेषज्ञ डाक्टर ने बचाव के उपाय भी बताए।



7 साल की मासूम बच्ची बाईं किडनी में पथरी की वजह से लगातार दर्द और बुखार से परेशान थी। दर्द इतना बढ़ जाता था कि रात-रात भर बच्ची चीखती-रोती रहती और परिवार के लोग भी असहाय होकर उसकी तकलीफ देखते। आखिरकार परिजनों ने उसे आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, दुर्ग में भर्ती कराया। यहां यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन राम दारुका ने बच्ची की जांच की और पाया कि स्थिति सामान्य नहीं है। बच्ची की किडनी अपनी सही जगह पर न होकर पेशाब की थैली (ब्लैडर) के पास स्थित थी। इस वजह से सर्जरी और भी ज्यादा कठिन हो गई। लेकिन वर्षों के अनुभव और अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपिक तकनीक दूरबीन विधि की मदद से उन्होंने सफलतापूर्वक पथरी निकाल दी। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और अब बच्ची स्वस्थ है। परिजनों ने खुशी से डॉक्टर और पूरी टीम का आभार जताते हुए कहा कहा कि अब हमारी बेटी दर्द से मुक्त है, यह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। डॉ. दारुका का कहना है कि आजकल बच्चों में पथरी की समस्या बढ़ रही है। इसके पीछे मुख्य कारण पानी कम पीना, जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक का अधिक सेवन, ज्यादा नमक वाली डाइट और कभी-कभी आनुवंशिक वजहें भी होती हैं। छोटे बच्चों में पथरी की पहचान करना मुश्किल होता है क्योंकि वे दर्द सही तरीके से बता नहीं पाते। बार-बार पेशाब आना, पेशाब में जलन या खून दिखना और लगातार पेट दर्द इसके संकेत हो सकते हैं।उन्होंने बीमारी से बचाव के लिए बच्चों को पर्याप्त पानी पिलाने, उन्हें जंक फूड और सोडा से दूर रखने और संतुलित घर का खाना खिलाने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने किसी भी तरह की तकलीफ को नजरअंदाज न करते हुए समय पर डॉक्टर से जांच कराने की बातें कही।

## फायर सेफ्टी डिजॉस्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट भिलाई में प्रशिक्षण शुरू

**भिलाई।** संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई जिला दुर्ग निजी प्रशिक्षण संस्थान विगत 13 वर्षों से फायर एवं इंडस्ट्रियल सेफ्टी प्रशिक्षण देने में अपनी सेवाएं दे रहा है। संस्था में चल रहे फायर एंड सेफ्टी प्रशिक्षण आरव एजुकेशन अपॉइंटमेंट सर ऑर्गेनाइजेशन से संबंधित सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार MSME-CTR, लुधियाना से मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2025-26 का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी जनसंपर्क मनोज ठाकरे और प्रशिक्षण दे रहे गुरुजन शत्रुलालहन धनकर, तपन कुमार विश्वास ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी छात्र इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के बाद सभी छात्रों को निजी कंपनी जैसे भिलाई स्टील प्लांट/ डीआरडीओ जगदलपुर/ एनएमडीसी नगर-नार/ दैनिक भास्कर पावर प्लांट/ अग्निशमन विभाग रायपुर / शासकीय, अर्ध शासकीय और विदेशों में भी छात्र फायरमैन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध कार्य कर रहे हैं। फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण हेतु अधिक जानकारी के लिए FSDMI, इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक सुपेला पोस्ट ऑफिस, भिलाई, जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ में संपर्क करें।





## जोत जंवारा विसर्जन पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ननकट्टी

ग्राम ननकट्टी में जोत जंवारा विसर्जन हेतु शोभायात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर ननकटठी से जोत जंवारा शोभायात्रा निकाली गई, आगे आगे माता रानी के सेवा गीत गाते सेवक चल रहे थे।पीछे-पीछे भक्तजन माता रानी की जयकारा लगाते साथ-साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा बाजार चौक, बावली चौक, ग्राम में भ्रमण करते हुए मां चंडिका मंदिर पहुंची। वहां से भ्रमण करते हुए मां शीतला मंदिर पहुंची। जहां बने हुए 25 एकड़ के तालाब में जोत,जंवारा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर हनुमान मंदिर ननकटठी के सदस्यगण, मां चंडिका मंदिर के सदस्य गण, मां शीतला मंदिर के सदस्य गण और गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## जीएसटी सुधार के लाभ बताए ग्रामीणों को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

आत्मनिर्भर भारत एवं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफार्म पर जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय कार्यशाला जैन भवन जामगांव आर में शनिवार को हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता मंडल प्रभारी जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर एवं जीएसटी रिफार्म वक्ता मंडल संयोजक नरेश केला थे।

■ जीएसटी सुधार पर हुई कार्यशाला, स्वदेशी अपनाने की अपील

कार्यशाला में जिला भाजपा मंत्री शैलेंद्री मंडावी, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, मछुआ संघ प्रदेश कोषाध्यक्ष नेतराम निषाद, महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा, जस रामकुमार चंद्राकर अकताई, सरपंच माधुरी नरोत्तम निषाद और पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू मंचासिन रहे। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता जिला भाजपा उपाध्यक्ष हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने कहा कि आत्म निर्भर भारत बनाने में योगदान देने आम जनता स्वदेशी अपनाए आत्मनिर्भर भारत बनाए। पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने भी जीएसटी पर प्रकाश डाला। जीएसटी रिफार्म मंडल संयोजक नरेश केला ने कहा कि जीएसटी कम होने से रोजमर्रा के सामनों के दर में तो कमी आई है और मोटरसाइकल वाले अब कार खरीदकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी कम करने के लिए दिल से आभार व्यक्त कर रहे है। कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर, लूभम बंछोर, भाजपा नेता तीरथ पटेल, अभिषेक सेन, नेतराम निषाद, यशवंत यादव, मेघनाथ सागरवंशी, गुमान साहू, सीताराम साहू, देवानंद देवांगन और चंद्रिका चंद्राकर आदि की विशेष उपस्थिति रही।

## विकसित भारत के लिए घर-घर स्वदेशी अपनाएं



**अंडा।** पूर्व सरपंच भोथली और अध्यक्ष स्व. पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम सुरेश साहू ने कहा है कि विकसित भारत 2047 भारत सरकार का विजन है जिसका उद्देश्य 2047 यानी स्वतंत्रता की 100 वर्ष पूरे होने तक देश को एक विकसित राष्ट्र बनाना यह समावेशी विकास, नवाचार स्थिरता और सुशासन पर केंद्रित है, जिसे समाज के हर वर्ग की समृद्धि सुनिश्चित होती है। सुरेश साहू ने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेश स्वदेशी अपनाकर भारत आत्मनिर्भर आर्थिक रूप से सशक्त और मजबूत बन सकता है जिस देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे स्वदेशी उद्योगो को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी यह विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करने देश के गौरव आत्म स्वाभिमान को बढ़ावा और भारत को एक आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## तिरगा में रामलीला का दिखा उत्साह, उमड़ा जनसमूह



**अंडा।** गांधी ग्राम तिरगा में रामलीला उत्सव उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति के वरिष्ठ सदस्य उमेंद्र देशमुख का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रीतपाल बेलचंदन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष एवम विशेष रूप से जनपद सदस्या दामिनी मुकेश साहू मौजूद थे। साथ में ग्राम सरपंच घसियाराम देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य भूपेन्द्र बेलचंदन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचन्दन, उपसरपंच, पंच गण एवम आयोजन समिति परिवार के सभी सदस्य गण एवम ग्रामीण जन उपस्थित हुए। जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने कहा की इस प्रकार के आयोजन में युवाओं की सहभागिता बहुत जरूरी है ताकि हमारी संस्कृति जीवित रहे। उन्होंने कहा की जिस प्रकार इस गांव को गांधी ग्राम तिरगा के नाम से जाना जाता है यह पूर्वजों की देन है उसी प्रकार से उनसे सीख लेकर के युवाओं को भी इस प्रकार के आयोजन में अपनी सहभागिता निभानी है और आगे आना होगा।

## भाजपा जामगांव आर मण्डल स्तरीय चलाया स्वच्छता अभियान

# पौधरोपण और चिकित्सा शिविर से की ग्रामीण अंचल की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मण्डल स्तरीय सेवा पखवाड़ा कौही मंदिर में स्वच्छता अभियान के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस मनाते हुए 17 सितम्बर को प्रारंभ हुआ और 2 अक्टूबर को निपानी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के साथ समापन हुआ। जामगांव आर में वृक्षारोपण, बटरेल में रक्तदान शिविर, सुरपा में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर और बेलहारी में पंडित दीनदयाल जयंती का शानदार आयोजन हुआ। सेवा पखवाड़ा को जामगांव आर मंडल स्तर पर सफलतम बनाने में पूर्ण योगदान दिया। मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने सभी वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को सफलतम सेवा पखवाड़ा के लिए साधुवाद ज्ञापित करते हुए आभार माना और इसे लगन का परिणाम बताया। भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष हर्षा लोकमनी चंद्राकर, जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष (मछुवारा प्रकोष्ठ) नेतराम निषाद, सभापति जनपद पंचायत पाटन रवि सिन्हा, जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद जैन भाजयुमो अध्यक्ष नारद साहू, जिनेश जैन लुभम बंछोर,सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष द्वय रूपसिंह सिन्हा भगवान सिंह चंद्राकर, शासकीय कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष नरेश केला, महामंत्री द्वय निर्मल जैन पूर्णेन्द्र सिन्हा, गायत्री यादव, भानुप्रिया साहू सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष द्वय डा.राजेश बंछोर, बेनीराम साहू, अरुण चंद्राकर, मुकेश साहू, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ, हिमांचल साहू सरपंच, हर्ष साहू, अभिषेक सेन सहित सभी कार्यकर्ताओं का योगदान सराहनीय रहा।


SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष
प्रतिक्षा कक्ष
पूजा स्थान
परामर्श कक्ष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
• नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
• व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
• मकान - संतान योग
• दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
• कालसर्प दोष निवारण
• प्रेम विवाह, मोहनी
• मांगलिक दोष निवारण
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

# अभिलेख शुद्धता के संबंध में डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र को एक सप्ताह के भीतर कराएं अपडेट : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अलग खबर

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, त्रुटि सुधार, अभिलेख शुद्धता, कृषक पंजीयन, नक्शा बटांकन, ई-डिस्ट्रिक्ट लोक सेवा गारंटी प्रकरण, गिरदावरी, धान खरीदी, भू-आबंटन, नजूल पट्टों संबंधित प्रकरण, भू-अर्जन संबंधी प्रकरण, लोक आयोग प्रकरण इत्यादि की प्रगति की समीक्षा की।

इसके अलावा बाढ़ आपदा प्रबंधन, सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण, भौतिक सत्यापन एप, जाति प्रमाण पत्र एवं दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक कल्याण योजना से संबंधित कार्यों के स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा बटांकन, डायवर्सन, और राजस्व वसूली की स्थिति की जानकारी ली और इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीमांकन प्रतिवेदन की तिथि निर्धारित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और नक्शा बटांकन कार्यों के लिए टीम बनाकर तत्परता से कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने अभिलेख शुद्धता के संबंध में डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र को एक सप्ताह के भीतर अपडेट करने कहा। उन्होंने सभी पात्र कृषकों का पंजीयन प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

**कलेक्टर ने राजस्व संबंधी मामलों को लेकर ली समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

### कार्यों में पारदर्शिता लाने दिया जोर किसानों को दें सही जानकारी

कलेक्टर श्री अभिजीत ने कहा कि कृषक पंजीयन, कृषि क्षेत्र के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों तक सीधे पहुंच सकेगा। धान खरीदी की तैयारी को लेकर भी कलेक्टर ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले की 20 नई समितियों को राजस्व रिकार्ड में अपडेट किया जाए। ग्राम पंचायतों में किसानों को डिजिटल क्रॉप सर्वे और गिरदावरी से संबंधित जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर सभी किसानों को सूचित करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा प्राप्त आपत्तियों की सूची संबंधित अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें, जिससे समय रहते आवश्यक संशोधन किया जा सके। इसके अतिरिक्त परिवर्तित भू-भाटक वसूली की प्रक्रिया को भी शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



### सरकारी जमीन के आवंटन की प्रक्रिया में लाएं तेजी

कलेक्टर ने भूमिआवंटन के प्रकरणों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा शासकीय विभागों से भूमि आवंटन हेतु प्राप्त आवेदन को प्राथमिकता के साथ निपटाएं। भू-आवंटन प्रकरणों की जानकारी एकत्र कर चिन्हांकित स्थलों का निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन के कार्यों के सबंध में तहसीलदारों को निर्देशित किया कि मैदानी क्षेत्रों का निरीक्षण कर जमीन की वस्तुस्थिति जांच की जाए एवं नक्शा बटांकन किया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय भूमि से कब्जा हटाने के भी निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो।

### भूमिहीन किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए

कलेक्टर सिंह ने जाति प्रमाण पत्र के लंबित प्रकरणों को गंभीरता के साथ शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की सूची अद्यतन करने, अपात्र लोगों को लाभ न मिले इस पर विशेष ध्यान देने कहा गया। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदारों से समन्वय बनाकर भू-अभिलेख संबंधी प्रकरणों को निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। विशेषतौर पर अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि भू-अर्जन संबंधी लंबित प्रकरणों को गंभीरता से निराकरण कर सूचित किया जाए। साथ ही राजस्व प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम लवकेश ध्रुव, सोनल डेविड, महेश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर सिल्ली थॉमस सहित सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, एएसएलआर उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### धारदार हथियार लेकर गुंडागर्दी करने वाला आरोपी पकड़ाया



**भिलाई।** घासीदास नगर जामुल में चाकु लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार उसके पास से चाकू जब्त किया और उसे जेल भेज दिया है। पी. शेखर निवासी घासीदास नगर जामुल ने 4 अक्टूबर को थाना जामुल में जाकर शिकायत दर्ज कराई कि मोहल्ले का रहने वाला शहबाज खान पुरानी रंजीश को लेकर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट करते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार चाकू से उसके ऊपर हमला किया है। जामुल पुलिस त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी शहबाज खान उर्फ मुल्ला (23 साल) निवासी बाम्बे आवास घासीदास नगर जामुल को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया एवं धारदार हथियार चाकू बरामद कराया। आरोपी को 5 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में केन्द्रीय जेल भेजा गया। बता दें कि पुलिस द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए संदिग्धों की जांच की जा रही है। अपराधिक किस्म के लोगों को प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## करोड़ों रुपए का अंतिम भुगतान नहीं किया, श्रमिकों में बढ़ा असंतोष

# एचएससीएल प्रबंधन के अड़ियल रवैये का खामियाजा भुगत रहे हैं हजारों ठेका श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में 15 वर्षों तक एचएससीएल के माध्यम से कार्य किये ठेका श्रमिकों को एचएसएसीएल प्रबंधन के अड़ियल रवैये का खामियाजा बढ़ रहा है। सैकड़ों मजदूरों का अंतिम भुगतान अब तक नहीं किया गया है। करोड़ों रुपए की अंतिम भुगतान की राशि एचएससीएल प्रबंधन ने अपने अकाउंट में रखा है। अब तक भुगतान नहीं होने से मजदूरों में असंतोष बढ़ रहा है। जल्द भुगतान नहीं होने पर स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ने एचएससीएल प्रबंधन के घेराव की चेतावनी दी है।

एचएससीएल में वर्षों तक ठेका मजदूरों से काम लिया गया। लेकिन श्रमिकों को उसका अंतिम भुगतान नहीं किया जा रहा है। श्रमिकों के अंतिम भुगतान करने की जवाबदारी एचएससीएल की है लेकिन वह अपने जवाबदारी से बच रहा है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि अंतिम भुगतान को लेकर एचएससीएल प्रबंधन से संपर्क किया गया लेकिन एचएससीएल महाप्रबंधक के अड़ियल रवैया के कारण यह मामला कई वर्षों से लंबित है। इस मामले पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी को भी पत्र लिखा गया और उनके संज्ञान में लाया गया लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकल पाया।

**खास बात**

- बायोमेट्रिक की व्यवस्था नहीं होने से ठीक से नहीं हो पा रही हाजिरी
- दुर्घटना के बाद आश्रित को नहीं मिलती अनुकंपा नियुक्ति

**स्टील ठेका श्रमिक यूनियन ने प्रबंधन को दी जल्द घेराव की चेतावनी**




### बंद हो लेबर सप्लाई

यूनियन के मुताबिक बीएसपी अपने उत्पादन एवं संयंत्र को चलाने के लिए अभी भी एचएससीएल, के माध्यम से लेबर सप्लाई का ठेका दे रही है।जबकि एचएससीएल, भारत सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र का कंस्ट्रक्शन कंपनी है। एचएससीएल के माध्यम से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों का निर्धारित ईपीएफ की राशि भी जमा नहीं की जाती। बोनस भी श्रमिकों को कम मिलता है और अंतिम भुगतान भी नहीं होता। इसकी आईआर क्लीयरेंस एचएससीएल ही करता है। इस मुद्दे में भिलाई इस्पात संयंत्र कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। एचएससीएल को दिए गए ठेका का भी आईआर क्लीयरेंस बीएसपी के द्वारा होना चाहिए। इससे श्रमिकों के साथ न्याय हो सके। सभी समस्याओं के जल्द निदान के लिए यूनियन ने प्रबंधन से गंभीरता से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि मजदूरों को राहत मिल सके।

### एचएससीएल का होगा घेराव

एचएससीएल प्रबंधन के अडीयल रवैया के कारण ही श्रमिक अपने हक के करोड़ों रुपए के लिए 8 साल से चक्कर लगा रहा है। एचएससीएल प्रबंधन इस विषय को कोर्ट में उलझाना चाहती है जिससे श्रमिकों में काफी आक्रोश है और अब जमीनी लड़ाई लड़ी जाएगी। यूनियन ने चेताया कि जल्द ही भुगतान नहीं होने पर एचएससीएल प्रबंधन का घेराव किया जाएगा।

### अनुकंपा नियुक्ति का लाभ भी नहीं

बीएसपी के उत्पादन एवं रखरखाव में एचएससीएल के द्वारा बीएसपी में प्रचलन का ठेका लिया जा रहा है। जिसमें ठेका श्रमिकों की संख्या हजारों में है लेकिन एचएससीएल प्रिंसिपल एंपलॉयर होने के कारण आईआर क्लीयरेंस एचएससीएल करता है। इसके चलते ठेका श्रमिकों का पूरा वेतन नहीं मिलता एवं पूरा सीपीएफ जमा नहीं हो रहा है। एचएससीएल के ठेका में कार्यरत श्रमिकों का बायोमेट्रिक पंजीयन भी नहीं हुआ है। इस कारण श्रमिकों की सही उपस्थिति के अनुसार वेतन नहीं मिल पाता। एचएससीएल के ठेका के अंतर्गत कार्य किए हजारों श्रमिकों का ठेका समाप्ति बाद अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि का भुगतान नहीं हुआ है। करीब 50 करोड़ रुपए का अंतिम भुगतान नहीं होने की शिकायत श्रमिकों द्वारा कोर्ट से लेकर श्रम आयुक्त की गई है। इसके बाद भी परिणाम शून्य है। वहीं श्रमिकों का संयंत्र में दुर्घटना में मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति का लाभ भी श्रमिकों को नहीं मिल रहा है। बीएसपी में उत्पादन प्रचलन एवं रखरखाव का ठेका एचएससीएल को ठेकेदार के रूप में दिया जा रहा है लेकिन नियम के अनुसार संयंत्र में कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत्यु होने पर एचएससीएल अलग से प्रिंसिपल एंपलॉयर होने के कारण एचएससीएल ठेका में कार्यरत श्रमिकों के परिवारों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिलता। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक सेल प्रबंधन को पत्र लिखकर इस नियम को सुधार करने व अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिले। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने कहा कि इस विषय पर बीएसपी प्रबंधन से पत्र व्यवहार एवं बैठक कर चर्चा की गई है और उच्च प्रबंधन से चर्चा की जाएगी।

## बीएसपी में क्रेन ऑपरेटर करा रहा था स्क्रैप कॉपर केबल की चोरी, सहयोगी समेत गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भट्ठी थाना अंतर्गत बीएसपी में स्क्रैप कॉपर केबल चोरी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने क्रेन ऑपरेटर शंकरपारा स्टेशन मरोदा निवासी सुरेंद्र देवांगन (30 वर्ष) और जगदीश नायक (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 60 किलो केबल, दो मोटरसाइकिल और दो मोबाइल जब्त किया गया है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने चेकिंग के दौरान उन्हें पकड़ा था। इसके बाद पूछताछ में इस पूरे मामले का खुलासा हुआ। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि घटना 4 अक्टूबर को 9 बजे के करीब है। सुरेंद्र और जगदीश रोलिंग मिल गेट से बाहर आ रहे थे। तभी ड्यूटी में तैनात जीडी अरविंद एक्का ने उन्हें रोका। उनसे पूछताछ की। इस दौरान उनके पास से करीब 60 किलो स्क्रैप कॉपर केबल जब्त किया गया। केबल की कीमत करीब 39 हजार रुपए आंकी गई है। मामले में बाइक सीजी 07 एपी 6757, सीजी 07 सीडब्लू 1942 भी जब्त की गई है। पुलिस जांच में पता चला है कि मामले का एक आरोपी जगदीश बिल्डिंग नंबर 14 के पीछे से चोरी छिपे प्लांट के अंदर घुसा था। वहीं क्रेन ऑपरेटर सुरेंद्र पहले से प्लेट मिल में मौजूद थे। इसके बाद दोनों ने मिलकर घटना की साजिश रची। दोनों पकड़े गए। बता दें कि संयंत्र से चोरी की यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी कई घटनाएं सामने आ चुकी है। बावजूद इसके स्क्रैप चोरी का यह खेल लंबे समय से चल रहा है। लगातार शिकायत, कार्रवाई के बाद भी चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। सुरक्षा को लेकर बीएसपी ने जहां कैमरे लगा रखे हैं, वहीं दीवारों को ऊंचा करने के साथ फेंसिंग तार भी लगाए हैं। बावजूद इसके संदिग्ध गतिविधियां लगातार हो रही हैं। बहरहाल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

- भट्ठी थाना पुलिस ने दर्ज किया अपराध, 60 किलो से ज्यादा केबल तार जब्त

## कॉन्टेक्ट- कनेक्ट टू एक्ट का रक्तदान शिविर में 105 यूनिट किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

कॉन्टेक्ट, भिलाई का रक्तदान शिविर रविवार को स्टील क्लब में संपन्न हुआ। इसमें पुरुषों महिलाओं द्वारा 105 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिकों द्वारा संचालित कॉन्टेक्ट - कनेक्ट टू एक्ट संस्था द्वारा आयोजित शिविर के दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रीति पंसारी द्वारा दंत परीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विभिन्न वर्गों में ऑन द स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई और पुरस्कार वितरण किए गए। रक्तदान शिविर में हीमोग्लोबिन और रक्तचाप जांच के अलावा डाइट संबंधी सलाह भी दी गई। शिविर में रेड क्रॉस ब्लड बैंक, स्टील क्लब, सिमर आदि संस्थाओं का योगदान रहा। आभार प्रदर्शन कॉन्टेक्ट संस्था के अध्यक्ष संदीप झा ने किया।

- रेड क्रॉस और स्टील क्लब ने संयुक्त रूप से किया आयोजन




**जामुल थाना क्षेत्र की घटना**

## घर के सामने कचरा फेंकने को लेकर उपजे विवाद में चले डंडे, हाथ-मुक्कों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड-5 राममंदिर के पास जामुल में कचरा फेंकने को लेकर उपजे विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ पड़े। इस दौरान दोनों पक्षों से लाठियां भांजी गई। गाली गलौच हुई, देख लेने की धमकी के साथ मारपीट भी हुई। सूचना पर जामुल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस ने मदन चौधरी (62 वर्ष) की शिकायत पर आशीष, अनिकेत, इमरान, साधना मिश्रा के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं आशीष मिश्रा की शिकायत पर मदन, दीपक, प्रकाश चौधरी सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मदन चौधरी की बेटी घर के पास झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले आशीष मिश्रा से उनका विवाद शुरू हुआ। विवाद गहराने के बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे को गालियां देना शुरू कर दिया। इसके बाद बात हाथापाई तक पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

- पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ दर्ज किया अपराध
- दोनों पक्षों को आई सामान्य चोटें, जांच जारी

## अगरबत्ती मशीन देने के बहाने बुलाया और किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

**जामुल थाना का मामला**



दुर्ग पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले युवती से इंस्टाग्राम में दोस्ती की उसके बाद उसे अगरबत्ती बनाने की मशीन देने का वादा करके अपने पास बुलाया। जब युवती आई तो उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने जामुल थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। उसने 4 अक्टूबर को शिकायत करके बताया कि साल 2023 में रोशन कुमार सोनी नाम के युवक से उसकी इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी। धीरे धीरे जब दोनों की बात होने लगी तो 22 मार्च 2024 को उसने अगरबत्ती बनाने की मशीन देने के लिए पीड़िता को कहा और अपने घर राजनांदगांव बुलाया। पीड़िता अपने बच्चों के साथ उसके घर गई थी। वहां उसने उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी और पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। मामला दर्ज कर जामुल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 अक्टूबर को रोशन कुमार सोनी (42 साल) को उसके घर बम्हनी सुकुल दैहान थाना लालबाग जिला राजनांदगांव में घेराबंदी करके गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए पीड़ति के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को रविवार को न्यायिक रिमाण्ड में केन्द्रीय जेल भेजा गया। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक राजेश मिश्रा, उनि सौमित्री भोई, आर. चेतमान गुरूंग, रत्नेश शुक्ला, रूपनारायण बाजपेयी, चंदन भास्कर, दिनेश जायसवाल, तोषण चन्द्राकर, अतुल सिंह यादव का विशेष योगदान रहा।

## ब्रिज निगम के ईई की कार को ठोकने वाले एक्टिवा चालक पर एफआईआर

**मोहन नगर थाना अंतर्गत ग्रीन चौक की घटना**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुनने में ऐसा कम ही आता है कि कार चालक की शिकायत पर दोपहिया वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर हो, लेकिन ऐसी ही एक घटना पर मोहन नगर पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर अज्ञात एक्टिवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। कार में पीडब्लूडी ब्रिज निगम के ईई चंद्र किशोर पांडेय सवार थे। घटना 4 अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे की बताई गई है। पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक को पांडेय अपनी एनसी 0990 कार से अपने सहयोगी भुवन साहू के साथ धमधा नाका की तरफ जा रहे थे। तभी वे ग्रीन चौक के पास सिग्नल की वजह से रुके। इस बीच घटना स्थल पर एक्टिवा चालक ने उनके वाहन में ठोक मार दी। हादसे में उनके वाहन का बंफर टूट गया। इसके बाद उन्होंने मामले में थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने गाड़ी का नंबर एक्टिवा एमपी 41-9966 बताया है। बहरहाल पुलिस ने अपराध दर्ज कर एक्टिवा और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। इसे लेकर पुलिस ने आसपास के लगे कैमरे को भी खंगाला है।

- अब पुलिस एक्टिवा और उसे चलाने वाले चालक को खोज रही

**हृदयरोग विभाग में नहीं हैं फुलफ्लेश कार्डिलाजिस्ट**

# जेएलएन हॉस्पिटल में मरीजों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के जेएलएन अस्पताल सेक्टर 9 में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी मरीजों पर भारी पड़ रही है। खासकर हृदयरोग विभाग में नियमित डाक्टरों के नहीं होने से बीएसपी कर्मियों व रिटायर कर्मियों को इलाज के लिए बाहर महंगे अस्पतालों में इलाज कराना महंगा पड़ रहा है। यूनियनों ने लाइफ सेविंग से जुड़े इस अहम विभाग को दुरुस्त किए जाने की मांग की है। सेल की सबसे बड़ी यूनिट बीएसपी द्वारा संचालित सेंट्रेल इंडिया का सबसे बड़ा अस्पताल सेक्टर 9 हास्पिटल पिछले कुछ साल से रेफरल सेंटर बनता जा रहा है। बीएसपी में दिन रात मेहनतक कर



कीर्तिमानी उत्पादन करने वाले कर्मचारियों और सेवानिवृत कर्मियों के साथ इनके परिजनों गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर यहां राहत के लिए तरसना पड़ रहा है। यूनियन के मुताबिक दस पंद्रह साल पहले तक यह अस्पताल अपनी चिकित्सा सेवा को लेकर पूरे मध्यभारत में इकलौता हुआ करता था। लेकिन तेजी से डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के रिटायर होने और भर्ती नहीं होने से मरीज इलाज के लिए तरस रहे हैं। हृदय रोग विभाग सबसे बीमार चल रहा है। यहां न तो बीएसपी के फुलफ्लेश कार्डियोलाजिस्ट हैं और न ही हृदयरोग पीड़ितों के आपरेशन की ही सुविधा उपलब्ध है। एक कार्डियोलाजिस्ट दिल्ली से हायर किए गए हैं जो माह में दो दिन सेवाएं देते हैं। वहीं दो डाक्टर आउटसोर्स पर रायपुर के निजी अस्पताल से बुलाए गए हैं, जो सिर्फ चेकअप करते हैं। वर्तमान में कार्डियोलाजिस्ट अवकाश पर हैं। और आउटसोर्स वाले डाक्टर भी छुट्टी पर बताए जाते हैं। इसके चलते असपताल में भर्ती हार्ट के मरीजों को बाहर रिफर करने या इलाज करवाने डाक्टर सलाह दे रहे हैं। मरीजों ने बताया कि बाहर महंगे अस्पतालों में लाखों रुपए इलाज में गंवाने पड़ रहे हैं।

### गंभीर मरीजों को जोखिम

सबसे ज्यादा परेशानी रिटायर कर्मियों या उनकी पत्नी को हो रही है। हार्ट अटैक के मरीजों मरीजों को इस अस्पताल में उपचार नहीं मिलने या दूसरे अस्पताल में जाते समय रास्त में कितना जोखिम है इसका अंदाज लगाया जा सकता है। रिटायर कर्मियों की आर्थिक तंगी एक अलग समस्या है। एटक के महासिचव विनोद कुमार सोनी ने सेल व लोकल प्रबंधन से हृदय रोग विभाग सहित अन्य दर्जनभर विभागों में जल्द चिकित्स विशेषज्ञों सहित जरुरी स्टाफ की नियुक्ति व अन्य सेवाओं व संसाधन उलब्ध कराने की मांग की है। ताकि हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल का आदर्श सूत्र चरितार्थ हो सके।

